सेंसेक्स 72,050.38 ▲ +227.55
डॉलर 83.025 ▼ -0.012

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 12.0 | 19.0 |
| धनबाद | 27.0 | 13.0 | 22.0 |
| जमशेदपुर | 32.0 | 13.0 | 25.0 |
| पलामू | 26.0 | 12.0 | 20.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 16 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 121, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय 'एक राष्ट्र एक चुनाव' बड़ा विचार-बड़ा सुधार ...8

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

दलहन उत्पादन में जल्द ही देश बनेगा...12 देश/विदेश







## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 61,640
चांदी (किलो) 71,210

## एक नजर

### नक्सलियों की साजिश नाकाम, 11 किलो के दो आईईडी बरामद



**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिले में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए 11 किलो के दो आईईडी लगाया था लेकिन बम निरोधक दस्ता ने उसी स्थान पर आईईडी को नष्ट कर दिया। साथ ही टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पूर्व में बनाए गए नक्सली कैंप को भी पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु से लोवावेड़ा के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र में छह और पांच केजी का दो आईईडी बम को सुरक्षा बलों ने बरामद किया है। बाद में बम को उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से सुरक्षात्मक तरीके से विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्हाहका और प्रधानघाट के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में पुराना नक्सलियों द्वारा अस्थाई कैंप बनाया था, जिसमें 25 से 30 नक्सलियों के ठहरने की व्यवस्था की गयी थी। पुलिस ने उस कैंप को ध्वस्त कर दिया।

# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार आज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को तीन बजे होगा। इसे लेकर राजभवन में तैयारी पूरी हो गई है। झामुमो में जहां अभी तक उलझन बनी हुई है, वहीं कांग्रेस में विधायकों का जोर आजमाइश जारी है। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी नामों की सूची लेकर दिल्ली गये थे। उन्होंने पार्टी आलाकमान से सहमति प्राप्त कर ली है। जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल में उप मुख्यमंत्री बनाने को लेकर यदि सहमति बन जाती है तो कांग्रेस के आलमगीर आलम और झामुमो से बसंत सोरेन को यह जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। इसके अलावा कांग्रेस और झामुमो कोटे से बनने वाले मंत्रियों में मिथिलेश ठाकुर और मथुरा महतो के नाम की चर्चा है। फिलहाल, चंपई सोरेन कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता को मंत्री पद पर जगह मिल चुकी है लेकिन अभी तक पोर्टफोलियो तय नहीं हुआ है।



- आलमगीर आलम और बसंत सोरेन हो सकते हैं उपमुख्यमंत्री
- झामुमो से मिथिलेश ठाकुर व मथुरा महतो के नाम की भी चर्चा
- झामुमो महिला कोटा से मंगल कालिंदी को मिल सकती है कैबिनेट में जगह
- सीता सोरेन का नाम कटा, एक परविार से दो लोगों को नहीं मिलेगी गद्दी
- कांग्रेस से बादल पत्रलेख और डॉ रामेश्वर उरांव का पत्ता कट सकता है
- महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को मिल सकती है जिम्मेदारी

### झारखंड कैबिनेट की बैठक स्थगित, मंत्रिमंडल विस्तार के बाद होगी अगली बैठक

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की गुरुवार शाम पांच बजे होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में गुरुवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। अब यह माना जा रहा है की मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद ही कैबिनेट की अगली बैठक होगी। मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार तीन बजे से होगा।

बताया गया है कि झामुमो की तरफ से मंत्रियों की सूची तैयार हो चुकी थी लेकिन कांग्रेस में खटपट ने मामला उलझा दिया। इसका नतीजा है कि आठ फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह टालना पड़ा। मुख्यमंत्री को अपरिहार्य कारणों का हवाला देकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से आग्रह करना पड़ा कि कैबिनेट के विस्तार के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की जाए। हालांकि, अभी भी दोनों शेष पृष्ठ 11 पर

# जनसमस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : चंपाई



**सरायकेला।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार का हमेशा से प्रयास रहा है कि जनता की परेशानियों का निदान कर सकें। मुख्यमंत्री ने यह बात गुरुवार को सरायकेला-खरसांवा जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में मुलाकात करने आए लोगों से कही।

### मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां के पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में लोगों की सुनी परेशानी

इस मौके पर लोगों ने अपनी समस्याओं और परेशानियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का त्वरित और यथोचित निराकरण होगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि उनके सुख-दुःख में सरकार उनके साथ हमेशा खड़ी है। उन्होंने कहा कि आपकी योजना-आपकी शेष पृष्ठ 11 पर

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड को 'असंवैधानिक' करार दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने गुरुवार को सर्वसम्मति से फैसले में चुनावी बांड योजना 2018 को असंवैधानिक करार दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा लिखे गए फैसले में कहा गया है कि किसी राजनीतिक दल को वित्तीय योगदान संभावित रूप से बदले की व्यवस्था का कारण बन सकता है। चंद्रचूड़ ने कहा कि राजनीतिक दलों के योगदान को गुमनाम करके चुनावी बांड योजना संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त मतदाता की सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को चुनावी बांड जारी करने पर तुरंत रोक लगाने के लिए कहते हुए, सीजेआई चंद्रचूड़ ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को 13 मार्च तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर उन राजनीतिक दलों का विवरण प्रकाशित करने का आदेश दिया, जिन्होंने चुनावी बांड के माध्यम से योगदान प्राप्त किया है। सीजेआई चंद्रचूड़ की राय से जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा ने सहमति जताते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया में काले धन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मतदाताओं के सूचना के अधिकार के उल्लंघन को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। अनुच्छेद शेष पृष्ठ 11 पर



### कोर्ट की टिप्पणी

- भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को चुनावी बांड जारी करने पर तुरंत रोक लगाने का दिया आदेश
- चुनाव आयोग 13 मार्च तक उन राजनीतिक दलों का विवरण दे, जिन्होंने बांड से योगदान प्राप्त किया

### योजना पर आरोप

- अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मतदाता की सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है चुनावी बांड योजना
- पिछले दरवाजे से लॉबिंग व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है, विपक्षी दलों के लिए समान अवसर को समाप्त करती है

### योजना काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र साधन नहीं

इसके अलावा, इसमें कहा गया है कि चुनावी वित्तपोषण में चुनावी बांड योजना काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र साधन नहीं है, और अन्य विकल्प भी हैं, जो इस उद्देश्य को काफी हद तक पूरा करते हैं और चुनावी शेष पृष्ठ 11 पर

# ईडी रिमांड पूरी होने के बाद हेमंत भेजे गए जेल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को ईडी रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया गया। इसके पहले उन्हें दोपहर करीब दो बजे पीएमएलए कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। पीएमएलए कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि पहले ही 22 फरवरी तक दी थी। ईडी ने सोरेन से लगातार तेरह दिनों तक पूछताछ की। 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें ईडी ने रिमांड पर लेकर 3 फरवरी से पूछताछ शुरू की थी। अदालत के आदेश पर उनकी रिमांड की अवधि दो बार बढ़ाई गई थी। गौरतलब है कि ईडी ने रांची के बरियातू में करीब साढ़े आठ एकड़ जमीन के घोटाले में 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। उनसे इस जमीन के स्वामित्व, उनके दिल्ली स्थित आवास से बीएमडब्ल्यू कार की बरामदगी, करीबी विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट के बारे में पूछताछ की गई है। हालांकि, ईडी ने हेमंत सोरेन पर पूछताछ में सहयोग नहीं शेष पृष्ठ 11 पर



### हेमंत से मिलीं कल्पना, विनोद पहुंचे ईडी कार्यालय

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी विनोद सिंह गुरुवार को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। दूसरी ओर, कल्पना सोरेन ने ईडी ऑफिस में पति हेमंत सोरेन से आधे घंटे मुलाकात की है। इसके बाद हेमंत सोरेन के रूटीन चेकअप के लिए मेडिकल टीम ईडी ऑफिस पहुंची है। जांच के बाद उन्हें कोर्ट लाया जाएगा। ईडी ने बीते तीन जनवरी और 13 फरवरी को विनोद सिंह के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को विनोद सिंह और हेमंत सोरेन के बीच हुए व्हाट्सएप चैट का पूरा ब्योरा मिला था, जिसमें बरियातू की उक्त 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हाल बनाने का मैप मिला था। इसके अलावा अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग और प्रतियोगी शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# कथ्य,नवाचार और भारतीयता से दक्षिण हावी है उत्तर पर



सुनील बादल

**भारतीयता** से ओतप्रोत हृदयस्पर्शी पुरानी फिल्मों और उनके कालजयी गीतों ने दर्शकों को ऐसा मंत्रमुग्ध किया है वे इसके इंद्रजाल से आज भी निकल नहीं पाए हैं जबकि व्यावसायिकता के नाम पर खास तौर पर बॉलीवुड अब लगता है ज्यादातर स्टीरियो टाइप फिल्में बनाकर दक्षिण की फिल्मों के लिए रास्ता खोलता जा रहा है । घरों के टीवी स्क्रीन से लेकर बड़े स्क्रीन तक में दक्षिण की फिल्मों का दबदबा जिस तरह बढ़ा रहा है उससे सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट मीडिया तक में सवाल उठ रहे हैं । पर बड़ा सवाल यह है कि ऐसा हो क्यों रहा है ? क्या भारत की आत्मा को झरझोरने वाले देश के छोटे शहरों से गए बड़े संवेदनशील कवि,शायर और लेखकों के साथ संगीतकारों के दिन लद गए और महानगरों में बसी नई पीढ़ी अब वो इनोवेशन वो इमोशन और वो मनोरंजन नहीं दे पा रही है जो आज टॉलीवुड यानी तेलुगू फिल्म उद्योग और दक्षिण भारत के निमार्ता,लेखक और निर्देशक देकर दिनों दिन सफलता के शिखर पर चढ़ते जा रहे हैं । यूट्यूब पर इन फिल्मों के लाखों करोड़ों दर्शक हैं जो पाइरेसी का रोना बंद करा चुके हैं । फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञ कहते रहे हैं कि केवल समीक्षकों की वाह वाही और फिल्म समारोहों में पुरस्कार पाने वाली फिल्मों के बल पर ही इंडस्ट्री को जिंदा नहीं रखा जा सकता। मनोरंजक-मसाला फिल्मों की आर्थिक सफलता भी इंडस्ट्री के लिए ऑक्सीजन और ऊर्जा का काम करती है लेकिन अच्छा कंटेंट वो एकलौती कुंजी है जिसे व्यावसायिक सिनेमा के नाम पर लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारतीय सिनेमा में दक्षिण की फिल्मों ने अपनी अनूठी कहानी, जीवंत प्रदर्शन और मनोरम कथाओं के साथ लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। जहां बड़े बजट की फिल्में अक्सर बॉक्स ऑफिस पर हावी रहती हैं। वहीं, ऐसे उदाहरण भी हैं, जहां हनुमान और कंतारा जैसी कम बजट की फिल्मों ने उम्मीदों से ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्डतोड़ सफलता हासिल की है। वहीं दूसरी ओर तुलना न भी करें तो साफ तौर पर दक्षिण भारतीय सिनेमा



(तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ ) कंटेंट और कलेक्शन, दोनों ही मामलों में बढ़त पर दिखता है। केवल इसी साल की बात करें तो साउथ में एक-दो नहीं, बल्कि कई फिल्मों ने जबरदस्त आर्थिक सफलता हासिल की है। ऐसा लगता है मानो कोरोना, लॉकडाउन और सीमित दर्शक संख्या का वहां कोई खास प्रभाव पड़ा ही नहीं है। वहां कई फिल्में आसानी से 50 से 100 करोड़ रु. तक बटोरने में सफल रही हैं, जबकि एक-दो ने तो 150 से 250 करोड़.रुपये तक का भी कारोबार किया है। सीमित बजट के बावजूद कहानी और उम्दा अभिनय के दम पर जबर्दस्त कमाई वाली तेजा सज्जा अभिनीत हनुमान 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी है। यह फिल्म लोगों को खूब पसंद आ रही है। देसी सुपरहीरो वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त प्रदर्शन कर रही है। केवल घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ही यह फिल्म 150 करोड़ के क्लब में पहुंचने वाली है। वहीं, इसने अब तक 198.2 करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया है। रक्षित शेट्टी अभिनीत 777 चार्ली का बजट महज 20 करोड़ रुपये था। फिल्म की कहानी लोगों के दिलों को जीतने में कामयाब रही थी। यह 2022 की कन्नड़ भाषा की एडवेंचर ड्रामा फिल्म है, जिसे किरणराज ने लिखा और निर्देशित किया है। इसने दुनियाभर में 102.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। ऋषभ शेट्टी के निर्देशन में बनी यह फिल्म पूरे देश में पसंद की गई थी। साउथ के साथ हिंदी पट्टी में भी फिल्म ने अच्छा कारोबार किया था। 15 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 407.82 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया था। कार्तिकेय 2 का बजट 15 करोड़ रुपये था। यह एक मिस्ट्री एक्शन-एडवेंचर है, जो 2014 की फिल्म कार्तिकेय का सीक्वल है। फिल्म को देश के हर कोने से सराहना मिली थी। इसने दुनियाभर में 117.87 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ, अनुपमा परमेश्वरन और अनुपम खेर मुख्य भूमिका में नजर आए थे। दक्षिण भारतीय फिल्में न केवल अपने घरेलू बाजारों में कमाई कर रही हैं, बल्कि देश भर के सिनेमाघरों में भी सक्सेज के नए आयाम को छूती दिख रही हैं। बॉलीवुड को फिर से भारतीय संस्कृति,लोक संगीत से भरे कर्णप्रिय गीतों और पर्व-त्यौहारों से सजी फिल्मों की ओर लौटना पड़ेगा वरना माफिया,विदेशी फिल्मों की नकल और तेज संगीत इसे अप्रासंगिक बना देगी।

### कार्यकर्ताओं की मायूसी के बीच गुटबाजी की चर्चा जोरों पर

# पलामू में न्याय यात्रा स्थगित होने के निकाले जा रहे निहितार्थ

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** 14 फरवरी की सुबह एक तरफ आसमान से बादल बरसे तो दूसरी तरफ झारखंड की राजनीतिक राजधानी पलामू में कांग्रेस की न्याय यात्रा स्थगित होने की खबर से कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर पानी फिर गया। अचानक हुये नाटकीय घटनाक्रम से जहां कांग्रेस कार्यकर्ता हतप्रभ हैं। वहीं राजनीतिक विश्लेषक इसके निहितार्थ निकालने में जुटे हैं। कार्यकर्ताओं की मायूसी के बीच न्याय यात्रा स्थगित होने के पीछे कांग्रेस की क्षेत्रीय गुटबाजी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। वैसे तो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह तो तभी से फीका पड़ना शुरू हो गया था। जब झारखंड में न्याय यात्रा के प्रवेश करने के एक दिन पूर्व छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से ही अपनी मां सोनिया गांधी के राज्य सभा नामांकन में भाग लेने के लिये राहुल गांधी नई दिल्ली रवाना हो गये। ऐसे में पलामू में यह राहुल गांधी की न्याय यात्रा से कांग्रेस की न्याय यात्रा में तब्दील हो गयी थी। इसके बाद भी लंबे अरसे के बाद जिले में हो रहे कांग्रेस के बड़े कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं की उम्मीदें कायम थीं। हो भी क्यों न। कार्यकर्ताओं ने एक पखवारे पूर्व से ही कार्यक्रम को लेकर जी-जान से मेहनत की थी। रंका में मनरेगा संवाद के शेष पृष्ठ 11 पर

### जिला पदाधिकारियों ने साधी चुप्पी

पलामू में कांग्रेस की न्याय यात्रा स्थगित होने से कार्यकर्ता ही नहीं जिले के पदाधिकारी भी हैरत में हैं। दूसरे दिन भी किसी भी पदाधिकारी के द्वारा इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया।

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।

शिक्षा समाज व देश को सही आईना दिखाती है। इसी पर हमारा वर्तमान व भविष्य दोनों निर्भर है। यही कारण है कि आदि काल से ही भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में शिक्षकों की भूमिका अहम रही है।

अंजना दुबे, प्रवक्ता डीएलएड कॉलेज

## आलोक कुमार ने उपनिदेशक कल्याण का पदभार ग्रहण किया



**मेदिनीनगर।** आलोक कुमार (झा.प्र.से.) ने गुरुवार को उपनिदेशक कल्याण के पद पर पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण गिरिडीह के पद पर पदस्थापित थे। श्री कुमार ने कहा कि शासन के मंशानुरुप कार्य किये जायेंगे।

## तस्वीर झूठ ना बोले



किसानों की फसल को सुरक्षित रखने के लिए चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में बना कोल्ड स्टोरेज महज दिखावा बना हुआ है। लाखों की लागत से दो वर्ष पूर्व बना यह स्टोरेज आज तक शरू भी नहीं हुआ। हैरत है कि इसे किसने बनाया और रख रखाव की जिम्मेवारी किसकी है है यह यहां के पदाधिकारियों को भी पता नहीं है। (छाया -भोला)

### पुलिस अधीक्षक का निर्देश ला रहा रंग, गरीबों को मिल रही राहत

# जरूरतमंदों के लिये रक्तदान कर रहे जवान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देशन में जवान इन दिनों लोगों की सुरक्षा के साथ उनकी तीमारदारी में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। कुछ ऐसा ही नजार देखने को मिला सदर अस्पताल में। अस्पताल में भर्ती अपने एक रिश्तेदार को देखने गये जवानों ने दो जरूरतमंद मरीजों के लिये रक्तदान कर उनकी जान बचायी। बताया जाता है कि गुरुवार को जवान रामस्वरूप तिवारी ने पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे को अपने ससुर के इलाज के लिए एक यूनिट ब्लड व्यवस्था करने का



आग्रह किया। देर ना करते हुए विक्रांत दुबे अपने सहयोगी जवान धीरज द्विवेदी को ब्लड बैंक लेकर पहुंचे। जवान धीरज द्विवेदी ने सहर्ष ही रक्तदान के लिये रजामंदी दे दी। इसी दौरान सदर अस्पताल में भर्ती दो अन्य गरीब मरीजों के परिजन भी रक्त के लिये भटक रहे थे। उनकी स्थिति को देखते हुये विक्रांत दुबे व आरक्षी विनीत मिश्रा ने दोनों मरीजों के लिये तत्काल एक-एक यूनिट रक्त दिया। रक्त उपलब्ध हो जाने पर दोनों मरीजों के परिजनों ने पलामू पुलिस के प्रति आभार जताया है। विदित हो कि एसपी के निर्देश पर विक्रांत दुबे के द्वारा लगातार रक्तदान करके एवं दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित कर जरूरतमंदों की मदद की जा रही है।

## एक नजर

### लावारिस मिले नवजात को ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबरपुर थाना क्षेत्र के सेहरा गांव में गुरुवार की सुबह महुआ पेड़ के नीचे लावारिस हालत में नवजात मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। लोगों ने फिलहाल नवजात बच्ची को इलाज के लिए तुंबागड़ा स्थित नवजीवन अस्पताल पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि सेहरा गांव में गुरुवार सुबह खेत में काम करने गये लोगों ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी। वहां पहुंचने पर लोगों ने देखा कि कपड़े में लिपटी नवजात बच्ची रो रही है। खबर की जानकारी मिलते ही वहां लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। गांव के ही निःसंतान दंपति कृष्ण साव तथा चिंता देवी ने बच्ची के पालन-पोषण की जिम्मेवारी लेते हुए उसे अपना लिया। फिलहाल बच्ची को इलाज के लिए तुंबागड़ा स्थित नवजीवन अस्पताल में रखा गया है।

### एमकेडीएवी की छात्रा को हिंदी ओलंपियाड में मिला स्वर्ण

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर की नवम कक्षा की छात्रा अद्रिजा राय चौधरी को अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2023 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में अद्रिजा को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि यह परीक्षा हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा सितंबर-2023 में आयोजित की गई थी। जिसमें अखिल भारतीय स्तर पर लाखों छात्रों ने प्रतिभाग किया था।

### नम आंखों से वीणावादिनी को दी गई विदाई, चाक-चौबंद रहा सुरक्षा प्रबंध

# मां सरस्वती की प्रतिमाओं का जलाशयों में विसर्जन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने गुरुवार को मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विधि-विधान पूर्वक विसर्जन किया। इस दौरान माता की प्रतिमा को सजाने के बाद वाहनों पर रखकर जुलूस निकाला गया। प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व पंडालों में पंडितों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। वही विदाई के पूर्व माता सरस्वती की प्रतिमा की सुहागिनों ने खोइछा भराई की रस्म अदा की। इसके बाद नम आंखों से भक्तों ने मां शारदे को विदा किया। शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर से ही प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा शुरू हो गई। विसर्जन शोभायात्रा में शामिल विद्यार्थी व श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-थिरकते और एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते जलाशयों के तट पर पहुंचे। विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसको लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क रहा। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में समुचित संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।

**माता सरस्वती की प्रतिमा की सुहागिनों ने खोइछा भराई की रस्म अदा की। इसके बाद नम आंखों से भक्तों ने मां शारदे को विदा किया**

### छात्र-छात्राओं ने लगाया अबीर-गुलाल



हमीदगंज स्थित बीएन कॉलेज रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत कोयल नदी में विसर्जन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं आसपास के लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर मां वीणावादिनी को विदा किया। मौके पर दुर्गेश नंदन सिन्हा, सुशीला कुमारी, रंजना सिंह, चंदन पांडे, रितेश शुक्ला,अंजनी सिन्हा,सच्चिदानंद सिन्हा, छात्र उत्कर्ष कुमार, उन्मुक्त कुमार, राम्या कुमारी, मिस्ठी कुमारी,प्रिया कुमारी उपस्थित रहीं।

### भक्ति जागरण का आयोजन

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा बाईपास रोड में स्थापित पूजा पंडाल में बुधवार की रात में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति की।

### महिला पाकेटमार पुलिस के हवाले



**मेदिनीनगर।** शहर थाने की पुलिस ने बारालोटा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर से एक महिला पॉकेटमार को रंगे हाथ पकड़ कर महिला थाने को सौंप दिया है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई थी। इसी बीच एक महिला ने कलश यात्रा में शामिल महिला के गले से सोने की चेन निकालने लगी। गले में सरसराहट महसूस होने पर महिला ने तत्काल चेन खींचने वाली महिला को पकड़ लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी शहर थाने की पुलिस को दे गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त महिला को हिरासत में ले लिया है। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

### खिताबी मुकाबले में रेडबुल को 19 रनों से दी मात, उमड़े खेलप्रेमी

# इयोन इलेवन ने पलामू प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट जीता




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज के मैदान पर आयोजित पलामू प्रीमियर लीग सीजन वन का फाइनल मुकाबला रेडबुल और इयोन इलेवन के बीच खेला गया। जिसमे रेडबुल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये इयोन इलेवन ने 141 रन बनाये। जबाबी पाली खेलते हुए रेडबुल के खिलाड़ी 122 रन ही बना पाये। मैन ऑफ द मैच सिद्धू को और मैन ऑफ द सीरीज मेंडी को दिया गया। इयोन इलेवन के कैप्टेन टूटू तिवारी को विजेता और रेडबुल टीम के कैप्टेन प्रत्युष को उपविजेता का चेक व मेडल प्रदान किया गया। मौके पर अयोजनकर्ता अंकित आरंभा, अविनाश सिंह,भीम तिवारी आदि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में किसी न किसी एक टीम की हार होती है। मौके पर शुभम सिंह,अंकित शुक्ला, अमृत, कर्कटा, राजू ,राज ,सत्यम सिंह, पिंटू शुक्ला ,प्रिंस सिंह ,अंकित सिंह, शिवम सिंह ,संजीव ,पंकज उपस्थित थे।

### किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने अपर समाहर्ता को सौंपा पत्रक

# ओलावृष्टि से नष्ट फसल की मिले क्षतिपूर्ति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** किसान मोर्चा झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य व अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह ने पलामू के अपर समाहर्ता सह आपदा राहत के नोडल अधिकारी को पत्रक प्रेषित कर बरसात व ओलावृष्टि से नष्ट फसलों से प्रभावित किसानों को तत्काल क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने की मांग की है। श्री सिंह ने अपर समाहर्ता कुंदन कुमार को अवगत कराया है कि 13 फरवरी की रात में हुसैनाबाद, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज आदि प्रखंड क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश व भीषण ओलावृष्टि के कारण रबी की फसलों को व्यापक क्षति पहुंची है। खरीफ फसल पहले से ही मानसून की बेरुखी की भेंट चढ़ जाने से बेहाल किसानों की रबी की फसलों पर मौसम की मार से पूरी तरह से कमर टूट गयी है। पहले से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहे किसान इससे पूरी तरह बर्बाद हो गये हैं। उन्होंने तत्काल आंकलन कर क्षतिपूर्ति निर्धारित किये जाने की मांग की है। अपर समाहर्ता श्री कुमार ने बताया कि संबंधित अंचल अधिकारियों को नुकसान का आंकलन का रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया जा रहा है। रिपोर्ट मिलते ही क्षतिपूर्ति की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

# भव्य कलश यात्रा के साथ नवाह्न परायण महायज्ञ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पांकी रोड स्थित बारालोटा जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के 48वें अधिवेशन के तहत गुरुवार को मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गईं। बाजे-गाजे के साथ निकली कलश यात्रा शहर के कचहरी चौक, छह मुहान होते हुए गिरिवर स्कूल के पास कोयल नदी तट पहुंची। वहीं विधि-विधान पूर्वक कलश में जल भरकर लौटकर श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित किया। कलश यात्रा का नेतृत्व वशिष्ठ नारायणाचार्य ने किया। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी ने बताया कि श्रीराम जानकी मंदिर न्यास समिति के तत्वावधान में आयोजित महायज्ञ का समापन 24 फरवरी को किया जायेगा। दिन में मानस का सामूहिक पाठ व रात्रि में चित्रकुट के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्रीश्री 1008 जगतगुरु धीरेन्द्राचार्ज जी महाराज और ओरछा धाम(मध्य प्रदेश) की कथावाचिका मानस मोहिनी संध्या दीदी आदि विद्वानों द्वारा रात्रिकालीन प्रवचन किया जायेगा। कार्यक्रम में पलामू सांसद वीडी राम , प्रथम महापौर अरुणा शंकर, झारखंड बीजेपी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जेएमएम के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, मेदिनीनगर के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि होंगे। कलश यात्रा मे मुख्य पुजारी उमेश पांडेय, यजमान बृजलाल तिवारी, श्रीराम जानकी मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष लव तिवारी, सचिव सच्चिदानंद तिवारी ,कोषाध्यक्ष बुद्ध नाथ तिवारी, महायज्ञ समिति के सचिव प्रदीप तिवारी, कोषाध्यक्ष शैलेश तिवारी, अजीत तिवारी, राकेश तिवारी ,प्रेमचंद तिवारी, विद्या तिवारी शामिल थे।

**जनकपुरी में आज से शुरू होगा प्रवचन, श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़**

**बाजे-गाजे के साथ निकली कलश यात्रा शहर के कचहरी चौक, छह मुहान होते हुए गिरिवर स्कूल के पास कोयल नदी तट पहुंची**

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ आज से




**मेदिनीनगर।** शहर के सुदना स्थित श्रीतुलसी मानस मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जायेगा। देवी मंडप ट्रस्ट द्वारा आयोजित भागवत कथा का समापन 24 फरवरी को किया जायेगा। समिति के अभिमन्यु ओझा ने बताया कि भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। आकर्षक यज्ञशाला,मंच एवं प्रवचन पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। सुबह बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जायेगी। 17 फरवरी से वृंदावन से पधारी भागवत कथा वाचिक अलका किशोरी के द्वारा भागवत कथा शुरू किया जायेगा। इसका शुभारंभ डीएवी स्कूल के चेयरमैन सतबीर सिंह राजा करेंगे। यजमान के रूप में विनोद अग्रवाल, शशिकला देवी, विजय पाल, बेबी देवी एवं अंबिकापुर के विशाल सिंह,दीपिका सिंह पूजा अनुष्ठान में सक्रिय रहेंगी। महायज्ञ को सफल बनाने में आयोजन समिति के रामाकांत पांडेय,हेमंत सिंह,राम सिंह,राजा पाठक,मनीष उपाध्याय,अनिल पांडेय,अजय दुबे, ललन सिंह,नवल किशोर तिवारी,प्रमोद गुप्ता,विनोद अग्रवाल,विनोद दूबे आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

## आस्था

### वर्ष के अंत तक होगा मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन

# रेड़मा में भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा के मथुरा बाड़ी में भार्गव सेना के तत्वावधान में भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण कार्य जोरों पर है। मंदिर में नवंबर महीने में प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के आयोजन की तैयारी की जा रही है। भार्गव सेना की मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों के अनुसार पूर्व से प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर मई माह में प्रस्तावित था, परंतु मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने में समय लगने व आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुये प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया गया है। जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के बाद विद्वानों के द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा का उत्तम मुहुर्त नवम्बर माह में बताया गया है। उस समय तक निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिये जाने की संभावना है। ऐसे में नवंबर में ही विधि-विधान पूर्वक मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी।

**परशुराम जन्मोत्सव के बाद विद्वानों के द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा का उत्तम मुहुर्त नवम्बर माह में बताया गया है**



### पांचों गुंबदों का निर्माण पूरा

आयोजन समिति के अनुसार भगवान परशुराम मंदिर के पांचों गुम्बदों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका हैं। नागर शैली में बन रहे मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के प्रदेश संरक्षक कमलेश शुक्ला,अजय तिवारी अकेला,बसन्त तिवारी, परमेश तिवारी,मुकेश तिवारी,प्रदेश प्रभारी अभिषेक तिवारी,कोषाध्यक्ष अंकित पांडे उपस्थित रहे।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### बाइकों की टक्कर में चार घायल, दो गंभीर




**भवनाथपुर।** स्थानीय टाउनशिप मुख्य मार्ग स्थित देवीधाम से आगे तीखे मोड़ पर गुरुवार की शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में रेहला थाना क्षेत्र के मुरमा खुर्द निवासी सुदेश्वर यादव पिता बिकाऊ यादव, छतरपुर थाना क्षेत्र के खुखरो निवासी विकास सिंह , भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी अरविंद सिंह पिता राजेंद्र सिंह व बादल सिंह पिता बिनोद सिंह का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से 108 सरकारी एम्बुलेंस से इलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सुदेश्वर यादव तथा विकास सिंह की नाजुक स्थिति को देखते हुये उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सुदेश्वर यादव गुरुवार की शाम कैलान गांव स्थित अपने ससुराल चंद्रदेव यादव के घर जा रहे थे। जबकि टाउनशिप की तरफ से विकास सिंह, अरविंद सिंह व बादल सिंह एक ही बाइक से आ रहे थे। सूचना पर सदल-बल मौके पर पहुंचे सअनि प्रभु मेहता ने दोनों बाइकों को जब्त कर लिया।

### बीस सूत्री की बैठक 19 को

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में 19 फरवरी को बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई है। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने दी। इस बैठक में शामिल होने के लिए प्रमुख, जिला परिषद सदस्य,बीस सूत्री अध्यक्ष, थाना प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी और प्रखंड कमीयों को अद्यतन रिपोर्ट के साथ शामिल होने को निर्देशित किया गया है। उक्त बैठक प्रखंड कार्यालय केतार में 11 बजे से

## गाजे-बाजे के साथ मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन

जलाशयों के किनारे उमड़ी भीड़, श्रद्धालुओं ने किया पूजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की प्रतिमाओं का गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ परिक्षेत्र स्थित जलाशयों में विसर्जन किया गया। मध्य विद्यालय बजरमरवा, मध्य विद्यालय मझिगावां, सुंडी, कोशलीबार, सिसरी, अरंगी, कूपा, चन्दनी, करिवाडीह, राजी,चन्दनी सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नम आंखों के साथ मां को विदा किया। विसर्जन के पूर्व छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बसंतोत्सव का आगाज किया। शांति-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के निराकरण के बताये टिप्स

## नवनियुक्त रोजगार सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को नवनियुक्त ग्राम रोजगार सेवकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में डीआरडीए मनरेगा के सहायक तकनीकी पदाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि नवनियुक्त ग्राम रोजगार सेवकों को पंचायत क्षेत्र में कौन-कौन सी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसके संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही रजिस्टर रिकार्ड संधारित करने के संबंध में भी जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सभी रोजगार सेवकों से फीडबैक लिया जाएगा। उसके बाद जिला द्वारा पंचायत आवंटित किया जाएगा। बीपीओ फिरोज अंसारी ने सभी नवनियुक्त ग्राम रोजगार सेवकों को मनरेगा से संबंधित कई बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आवास कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार, मनरेगा लेखापाल सूरज कुमार गुप्ता, संजीव गुप्ता मौजूद थे।

**बीपीओ फिरोज अंसारी ने सभी नवनियुक्त ग्राम रोजगार सेवकों को मनरेगा से संबंधित कई बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी**

## ठगी की शिकार लाभुक ने उप प्रमुख की थाने में की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के संवाददाता के साथ विवाद होने से पहले ठगी

### जानमाल की सुरक्षा की लगायी गुहार, जांच में जुटी पुलिस

की शिकार विद्यावती देवी को उप प्रमुख के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी। बुधवार को थाने में आवेदन देकर महिला ने जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। महिला ने आरोप लगाया है कि डंडई गांव के शिवपूजन ठाकुर व अन्य लोगों के साथ रामाशीष प्रसाद मेरे घर पर आए और अखबार में छपी खबर को दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गयी। विदित हो कि अबुआ आवास दिलाने के नाम पर उप प्रमुख पति रामाशीष प्रसाद के कहे अनुसार विद्यावती देवी ने आवास कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार को 40 हजार रुपये रिश्वत दी है। कोआर्डिनेटर ने 10 हजार रुपये तो वापस कर दिया है, किंतु अभी भी 30 हजार रुपये नहीं दिया है। थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच की जा रहीं है।

खरौंधी वार्ड नंबर पांच की महिलाओं ने प्रखंड कार्यालय में दिया धरना

# मांगों को लेकर महिलाओं ने भरी हुंकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय खरौंधी के परिसर में गुरुवार को खरौंधी पंचायत की वार्ड संख्या पांच की

**खरौंधी पंचायत की वार्ड संख्या पांच की महिलाओं की मांग शत-प्रतिशत सही है। पूरे ब्लॉक में प्रखंड कर्मियों के द्वारा मनमानी की जा रही है: जिल प्रवक्ता आजसू**

महिलाओं ने वार्ड सदस्य मुन्नी देवी के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर वार्ड नंबर पांच की महिलाओं की मांग का समर्थन करते हुए पूर्व उपप्रमुख सह आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी ने बताया कि खरौंधी पंचायत की वार्ड संख्या पांच की महिलाओं की मांग शत-प्रतिशत सही है। पूरे ब्लॉक में प्रखंड कर्मियों के द्वारा मनमानी की जा रही है। इनके द्वारा बड़े पैमाने पर आवासों के शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया है। जबकि शौचालय बनाने के लिए मनरेगा से पैसा की निकासी स्वयंसेवकों की मिली भगत से कर ली गयी है। जबकि इसका पैसा लाभुकों को नहीं मिल पाया। इसके अलावा बड़े पैमाने पर प्रधानमंत्री आवास में गड़बड़ी की गई है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास में स्वयंसेवक हस्तक्षेप कर रहे हैं। जबकि इन्हें सरकार ने कार्य मुक्त कर दिया है। वैसे लोगों का भी सूची में नाम है, जिनको प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है या फिर उनका पहले से मकान है। इसकी जांच कर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। वार्ड सदस्य मुन्नी देवी ने बताया कि पंचायत में प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्य में आवास कोआर्डिनेटर रवि रंजन कुमार तथा स्वयंसेवक संजय राम के द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है। उन लोगों के द्वारा पुनः अबुआ आवास में भी बड़े पैमाने पर अनियमितता की जा रही है। यदि तत्काल इस संबंध में कदम नहीं उठाया गया तो अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया जायेगा। मौके पर मीना देवी, सविता देवी, प्रतिमा देवी, कौशल्या देवी, ललिता देवी, कंचन देवी, अनीता देवी, फूल कुमारी देवी, मुनी देवी, प्रियंका देवी, सुनीता देवी, सरोज देवी, सीता देवी, रेशमा देवी, विद्यावती कुमारी,चिंता देवी, सुजांति देवी, पुटनी देवी ,रीना देवी ,उर्मिला देवी, सुनीता देवी, रेशमा देवी मौजूद रहीं।



### बीडीओ से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

वार्ड सदस्य ने बताया कि दोनों के विरुद्ध बीडीओ रविन्द्र कुमार से जांच की मांग की गयी थी, परंतु उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से धरना-प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

## ओलावृष्टि में फसल बर्बाद, किसान बेहाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** मंगलवार की रात्रि व बुधवार दोपहर में हुई भारी ओलावृष्टि से प्रखंड के हेंठार क्षेत्र के गड़ाखुर्द व बलियारी पंचायत के सैकड़ों किसानों की फसल नष्ट हो गयी। ओलावृष्टि का सबसे अधिक प्रभाव पतिला -कसनप मुख्य सड़क से उत्तर तरफ सोन तटीय क्षेत्र में देखा जा रहा है। जिसमें सोनपुरा, बुनियाद बिगहा, ढेलकाडीह, कालागड़ा, नारायणपुर, बनकट, सुंडीपुर के किसान शामिल हैं। किसानों का कहना है कि बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि के कारण सब्जी, गेहूं ,सरसों ,बनारसी बेर,आम, तरबूज, ईंख आदि सभी फसलों को नुकसान पहुंचा है। ढेलका डीह के मुन्ना मेहता, अरविंद कुमार मेहता, मनोज मेहता, बुनियाद बिगहा के रामजीत मेहता, सुरेन्द्र प्रजापति, सीताराम यादव,अम्बिका महतो, सीताराम महतो,संजय मेहता, सुंडीपुर के गोपाल चौधरी, संतोष साव ,मुकेश सिंह,पूरन मेहता, राम प्यारे चौधरी आदि ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

**किसानों का कहना है कि बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि के कारण सब्जी, गेहूं ,सरसों ,बनारसी बेर,आम, तरबूज, ईंख आदि सभी फसलों को नुकसान पहुंचा है।**

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

**श्रीबंशीधर नगर।** शहर के जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल का बुधवार को दूसरा वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वहां उपस्थित लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल न्यायालय के सीनियर जज मनोज कुमार त्रिपाठी, बीएचयू वाराणसी के प्रो. डॉ. बीएन राय, विशिष्ट अतिथि सिविल जज रवि चौधरी, एसडीजेएम बंकिम चंद्र चटर्जी, जज इंचार्ज अमित खन्ना, डा. मनीष सिंह एवं आलोक प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात कक्षा नवम के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया।

अबुआ आवास जिओ टैग को लेकर नोंकझोंक, भाजपा मंडल अध्यक्ष भी बीच में कूदे

## प्रखंड कर्मी व प्रमुख आमने-सामने, क्षेत्र में चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रमुख और प्रखंड कर्मी अबुआ आवास जिओ टैग में अनियमितता को लेकर आमने-सामने आ गये हैं। इस मामले में रमना मंडल भाजपा अध्यक्ष की इंट्री के बाद पूरा मामला त्रिकोणात्मक संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। जानकारी के अनुसार भागोडीह पंचायत के चुंदी ग्राम के सोनवा देवी पति भगवान साह ने अबुआ आवास सूची में हेराफेरी किए जाने का आरोप लगाते हुये प्रमुख करुणा सोनी से कनीय अभियंता मंदीप प्रसाद की शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कनीय अभियंता द्वारा जिओ टैगिंग नहीं करने के कारण उनका नाम सूची से हट गया है। जिसके बाद प्रमुख ने कार्यालय याचक के समक्ष ही कनीय अभियंता से जिओ टैग नहीं करने का कारण पूछा। इसी क्रम में दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। करुणा सोनी ने मंदीप प्रसाद पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत कुमार सोनी ने भी अभियंता को कार्यप्रणाली में सुधार का सुझाव दिया है। जबकि बहस की जानकारी बीडीओ तक भी पहुंच गयी है। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त हैं।

**वर्जन...** प्रखंड परिसर में उत्पन्न समस्या की जानकारी मिली है। मामले की पड़ताल के बाद ही विशेश जानकारी दी जा सकती है। बीडीओ संजय कुमार।

करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिली स्वास्थ्य सुविधा

## चार वर्ष पूर्व अस्पताल का उद्घाटन, नहीं हुई चिकित्सक की तैनाती



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के पाचाडुमर गांव में 2.35 करोड़ रुपए की लागत से बने 10 बेड वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चार वर्ष बाद भी जहां चिकित्सक की पद स्थापना का बाट जोह रहा है। वहीं समुचित देखरेख के अभाव में भवन भी क्षतिग्रस्त होने लगा है। इससे स्वास्थ्य सुविधा की आस लगाये ग्रामीण अब नाउम्मीद होने लगे हैं। विदित हो कि इस अस्पताल भवन का उद्घाटन 20 अक्टूबर 2019 को हुआ था, परंतू उद्घाटन के बाद से चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने के कारण यह अस्पताल भवन बंद पड़ा है। इस कारण असमाजिक तत्वों के द्वारा अस्पताल भवन की खिड़की, दरवाजा, पानी टंकी,मोटर, शौचालय , मार्बल, गेट को लगातार क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। साथ ही साथ सूनसान स्थान पर अस्पताल का गेट खुला रहने से शराबियों का जमावड़ा भी लगा रहता है। इस अस्पताल के बंद रहने से प्रखंड के 80 हजार की आबादी को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दुर्घटना के बाद यहां के लोगों को भवनाथपुर से एम्बुलेंस मंगानी पड़ती है। इसके बाद उन्हें 20 किलोमीटर दूर भवनाथपुर अस्पताल में इलाज के लिए भेजा जाता है। केतार प्रखंड में गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर कर रहे परिवारों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने के कारण इन्हें मामूली बीमारी का इलाज भी निजी अस्पताल में कराने पर मोटी रकम खर्च करना पड़ता है। अस्पताल निर्माण के बाद लोगों को उम्मीद थी कि स्थानीय स्तर पर उन्हें स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा, लेकिन अब ग्रामीण उम्मीद छोड़ दिये हैं।

**वर्जन...**अस्पताल को शुरू करने के लिए विभाग को दो बार पत्र लिखा जा चुका है। ह्यूमन रिसर्च सेक्शन नहीं हुआ है, अस्पताल शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है। **डॉ अशोक कुमार, सिविल सर्जन गढ़वा।**

### सात मनरेगा कर्मियों का स्थानांतरण



नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुवार ने महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत सात कर्मियों को प्रशानिक दृष्टिकोण से विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित किया है। इसमें रोजगार सेवक सुधांशु कुमार यादव को केतार प्रखंड, किशोर यादव को भवनाथपुर,वकार अंजुम को कांडी, अरफीन जलाल अंसारी को सगमा व मोनिका कुमारी को बरडीहा प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित किया गया है। जबकि कनीय अभियंता सिराज अंसारी को रमना व अक्षेश तिवारी को मझिआंव प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीडीओ ने पंचायत वार शिविर लगाने की निर्धारित की तिथि

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का शत- प्रतिशत लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर शिविर की तिथि निर्धारित की है। बीडीओ ने बताया कि इस शिविर में वृद्ध, निराश्रित, महिला, दिव्यांग, एचआईवी पीड़ित एवं 50 वर्ष की सभी महिलाओं और एसी/ एसटी के योग्य लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित किया जायेगा। इसके लिए बलिगढ़, लोहरगाडा.व केतार पंचायत सचिवालय में 20 फरवरी को, मुकुन्दपुर, पाचाडुमर व परसोडीह पंचायत में 21 फरवरी को और परती कूशवानी पंचायत में 22 फरवरी को एक दिवसीय शिविर लगाया जायेगा। इसके लिए पंचायत सचिव, रोजगार सेवक को प्रतिनियुक्त किया गया है।

### रोजगार सेवक ने दिया योगदान

**केतार।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को रोजगार सेवक विनय कुमार ने योगदान दिया। इससे पुर्व विनय कांडी में रोजगार सेवक थे। इधर पंचायत सचिव नवल किशोर यादव और रोजगार सेवक संजीव कुमार गुप्ता ने अभी तक योगदान नहीं दिया है। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### भक्तिभाव से मां शारदे की प्रतिमाओं का विसर्जन

**गढ़वा।** विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार को पूरे भक्तिभाव व पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस दौरान महा आरती का आयोजन भी किया गया। इसके बाद मां की प्रतिमाओं को लेकर गाजे-बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में नदी-तालाबों तक ले जाया गया। मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा मां सरस्वती से विद्या व ज्ञान का वर मांगते हुए उन्हें विदा किया गया। इसके पहले विसर्जन जुलूस में शामिल युवकों व बड़े-बुजुर्गों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर वासंतिक उत्सव का आगाज किया। प्रशासन द्वारा विसर्जन को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से सड़कों के अलावा नदी-तालाबों पर पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी।

### गाजे-बाजे के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जित



**कांडी।** प्रखंड के सभी क्षेत्रों में गुरुवार को मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय नदी, झरना, तालाब व सरोवरों में किया गया। शिक्षण संस्थानों से मां की प्रतिमा उठते समय विद्यार्थियों की आंखें नम हो गयीं। मां के जयकारे के साथ जुलूस निकालकर विद्यार्थी डीजे की धुन पर नाचते-गाते जलाशय के तट पर पहुंचे। विसर्जन का सिलसिला रात तक जारी रहा।

**आक्रोश**

## सात माह से राशन वितरण नहीं करने का आरोप, कार्रवाई की मांग

# डीलर के खिलाफ अनुमंडल कार्यालय पहुंचे ग्रामीण




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड के सरहस्ताल खुर्द,बारोडीह तथा पिपरडीह ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह से मिलकर डीलर प्रणय कुमार पर अनियमितता का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग की है। एसडीओ को दिये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि डीलर प्रणय कुमार के द्वारा विगत सात माह से राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। इससे पूर्व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नगर ऊंटारी एवं जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी गढ़वा को आवेदन दिया गया था,लेकिन अभी तक सभी कार्डधारियों को राशन नहीं मिल पाया और ना ही डीलर पर कोई कार्रवाई ही की गयी। ग्रामीणों का कहना है कि इसके विरुद्ध आवाज उठाने पर डीलर के पिता भाजपा नेता शिवधारी राम ने सभी सात पंचायतों के प्रतिनिधियों के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने डीलर प्रणय कुमार की जगह डीलर रविन्द्र प्रताप देव के द्वारा राशन वितरण कराने,डीलर प्रणय कुमार पर एफआईआर दर्ज कराने,डीलर से राशन रिकवरी कराकर कार्डधारकों को राशन उपलब्ध कराने, डीलर का अनुज्ञप्ति रद्द कराने की मांग की है। इधर अनुमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों को समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। मौके पर झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, श्रवण सिंह, बाबूलाल दुबे, लल्लू राम, मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम,बीडीसी प्रतिनिधि कृष्णा राम, उप मुखिया असगर अंसारी, लालती देवी, मीना कुमारी, फूलकुमारी, मुनी देवी, पूनम देवी,प्रमिला देवी, समिला देवी, रिंकी कुमारी आदि मौजूद रहीं।

**एसडीओ को दिये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि डीलर प्रणय कुमार के द्वारा विगत सात माह से राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। इससे पूर्व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नगर ऊंटारी एवं जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी गढ़वा को आवेदन दिया गया था,लेकिन अभी तक सभी कार्डधारियों को राशन नहीं मिल पाया और ना ही डीलर पर कोई कार्रवाई ही की गयी।**

## एक नजर

### नहीं मिला दो माह का राशन, डीसी को पत्र

**टंडवा।** प्रखंड के सराढू में दो माह का राशन घोटाला का मामला सामने आया है। इस बावत कार्डधारियों ने उपायुक्त को पत्र लिखकर शिकायत की है। कार्डधारियों ने कहा है कि जनवितरण प्रणाली दुकान मां गायत्री समूह द्वारा दो माह का अंगूठा लगाकर राशन नहीं दिया गया। दूसरे डीलर द्वारा भी दो माह का राशन नहीं दिया गया, बल्कि तीसरे माह का दिया जा रहा है। इसमें भी पांच कि जगह मात्र तीन किलो दिया जा रहा है। लोगों ने मामले की जांच राज्यस्तरीय टीम से करने की मांग की है।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से गाय की मौत

**प्रतापपुर।** गजवा रोड में नीमा गांव के पास गुरुवार को तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आकर एक दुधारू गाय की मौत हो गई। गाय नीमा निवासी हकीम मियां की बताई जा रही है। बता दें कि प्रतापपुर-गजवा रोड व प्रतापपुर-रानीगंज रोड में वाहनों की तेज रफ्तार से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

### डीसी को सौंपा ज्ञापन

**टंडवा।** जेएसएससी पेपर लीक मामले पर उच्चस्तरीय जांच की मांग अब धीरे- धीरे जोर पकड़ने लगी है। गुरुवार को छात्र संघ ने चतरा उपायुक्त अबु इमरान को राज्यपाल के नाम पत्र सौंपकर पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। आवेदन सौंपने वालों में जानकी महतो, अशोक महतो, सिकेन्द्र मुंडा, पारस नाथ, संदीप, हीरा निषाद, शिवलाल दांगी आदि शामिल थे।

### 'आधुनिक तकनीक से कृषि कार्य करें किसान'

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय रबी सह मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी चंदन कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशिला बागे, एटीएम मो. शमीम, बीपीएम दीपक सिंह ने संयुक्त रूप से किया। गंझु ने कहा कि किसान पुराने परंपरागत कृषि पद्धति से ऊपर उठकर आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करें।

### आवास को लेकर बैठक

**महुआडांड़।** जिला परिषद भवन में गुरुवार को जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया की अध्यक्षता में अबुआ आवास योजना को लेकर बैठक की गई। इसमें प्रमुख कंचन कुजूर, सभी पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में मुखिया मगदली टोप्पो, सुषमा कुजूर, प्रमीला मिंज, कमला किंडो, रेणुका टोप्पो, रेणु कुजूर अन्य मौजूद रहे।

# विद्या की देवी को दी गई भावपूर्ण विदाई



चतरा/गिद्धौर। वसंत पंचमी के दूसरे दिन गुरुवार को जिला मुख्यालय के अलावे विभिन्न प्रखंड़ों में विद्या की देवी मां वीणावादिनी को भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई के पूर्व माता सरस्वती की प्रतिमा की खोइछा भराई की रस्म अदा की गई। दोपहर से ही जिला मुख्यालय के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में विसर्जन की शोभायात्रा शुरू हो गई थी। यह सिलसिला कई घटों तक चला। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में समुचित संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। प्रतिमा विसर्जन जुलूस में भी पुलिस के जवान साथ-साथ चल रहे थे। हालांकि, जिन पंडालों में सास्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी है, उन पंडालों की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा। गिद्धौर व बारियातु पंचायत में मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार को किया गया, जबकि अन्य पंचायतों में गैर शैक्षणिक संस्थानों द्वारा प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा। वहीं शहर के लिपदा गांव में विश्वकर्मा परिवार द्वारा माता शारदे की पूजा लगभग 200 वर्षों से की जा रही है। मौके पर यजमान व पुरोहित मनोज विश्वकर्मा, संजना कुमारी, अंजली कुमारी, चंदा कुमारी, आरती देवी, गुड़िया देवी, तारा देवी मनोज विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, सनोज विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### आदेश को कोल वाहन चालकों ने दिखाया ठेंगा

**गिद्धौर।** सरस्वती पूजा को लेकर जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी ने 15 से 17 तक सुबह 08:00 से रात्रि 09:00 बजे तक अनुमंडल क्षेत्र में नो इंट्री लगाई है, परंतु उक्त आदेश को ठेंगा दिखाकर कोल वाहनों के साथ भारी वाहनों का आवागमन जारी है। ऐसे में श्रद्धालुओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## हवन व प्रतिमा विसर्जन के साथ सरस्वती पूजा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इससे पूर्व पूजा पंडालों एवं पूजा स्थलों पर हवन किया गया। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं कुछ जगहों पर मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा।



### भक्तिभाव से सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन भक्तिभाव से किया गया। श्रद्धालुओं ने विद्या व ज्ञान का वर मांगते हुए मां सरस्वती को विदाई दी। इससे पहले विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को सरस्वती पूजन की बधाई दी। मां सरस्वती के जयघोष से पूरा माहौल भक्ति मय हो गया। विसर्जन से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने मां की भव्य आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विसर्जन कार्यक्रम में रिगड़ी टाड़ सरस्वती पूजा समिति के सदस्य शिबू, श्रीकांत, मंटू, अंकित परदेसी, जतन, नकुल आदि उपस्थित मौजूद थे।

# योजनाओं को धरातल पर उतरना प्राथमिकता

### लातेहार जिले की 25वें उपायुक्त के रूप में गरिमा सिंह ने पदभार संभाला



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
लातेहार जिले के 25वें उपायुक्त के रूप में गरिमा सिंह ने पदभार संभाल लिया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि लातेहार ज़िले में विकास योजनाओं में तेजी लाते हुए उन्हें धरातल पर सफल रूप प्रदान करना पहली प्राथमिकता रहेगी। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह ज़िले की बेहतरी एवं आमजनों के कल्याण के लिए सदैव तत्परता से कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उपायुक्त ने सभी पत्रकारों से जिले भर की मुख्य समस्याओं के बारे में जाना। पत्रकारों ने जिले की महत्वपूर्ण समस्याएं व सुझाव उपायुक्त के समक्ष रखे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मंत्री ने की इटखोरी महोत्सव-2024 की तैयारी की समीक्षा, प्रचार रथ किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में गुरुवार को झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता की अध्यक्षता में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 के सफल आयोजन हेतु बैठक हुई। इसमें महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी व कार्य प्रगति से संबंधित जानकारी दी गई। मंत्री ने जिला प्रशासन के तैयारी की सराहना करते हुए कहा कि इसका खास ख्याल रखा जाय कि पूर्व में हुए महोत्सव की भांति इस वर्ष भी महोत्सव भव्य हो। आम जनों को समस्या न हो उसके लिए पूरी व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया जाय। वहीं उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे।




अनुमंडल पदाधिकारी चतरा द्वारा बताया गया कि 19 फरवरी को विपिन मिश्रा एवं ग्रुप, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय इटखोरी, मुकुन्द नायक एवं ग्रुप, सत्या ठाकुर एवं ग्रुप, अल्ताफ राजा एवं ग्रुप, अक्षरा सिंह, 20 फरवरी को सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप, शालीनी दुबे एवं ग्रुप, साक्षी प्रिया दुबे एवं समूह, किस्सु राहुल एवं ग्रुप, रोहित आरके एवं ग्रुप, बिनोद राठौर एवं ग्रुप, 21 फरवरी को बीएसएफ हजारीबाग, मृणालिनी अखौरी, प्रकाश कुमार एवं ग्रुप, रजत आनंद एवं ग्रुप, सिमरन साह एवं ग्रुप, पूजा चटर्जी एवं ग्रुप समां बांधेंगे। बैठक के पश्चात समाहरणालय परिसर से महोत्सव के प्रचार प्रसार हेतु मंत्री, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने महोत्सव प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। बैठक में जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, डीडीसी, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, समाजसेवी पंकज प्रजापति, इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के जिप सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

### पदाधिकारियों ने किया इटखोरी महोत्सव स्थल का निरीक्षण

**इटखोरी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर स्थित राजकीय इटखोरी महोत्सव स्थल का निरीक्षण चतरा एसडीओ सुरेंद्र उरांव, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज एवं डीएसपी रोहित कुमार रजवार ने किया। उन्होंने जैन मंदिर स्थित भोजनालय, हेलीपैड, महोत्सव स्थल समेत कई स्थलों का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव, जैन समाज के सुरेश झंझरी रतन शर्मा, नवीन सिन्हा, संतोष सोनी, रणधीर सिंह आदि मौजूद थे।

# डीसी ने पेंशन योजना जागरूकता रथ किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर समाहरणालय परिसर से उपायुक्त गरिमा सिंह ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में जाकर आमलोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 50 साल की महिला, एससी, एसटी, पुरुषों में एससी, एसटी (पुरुषों में जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य) को वृद्धावस्था पेंशन का निर्णय लिया है। पूर्व में वृद्धा पेंशन 60 की आयु के बाद मिलती थी, पर अब 50 वर्ष की आयु के बाद ही पेंशन मिलने लगेगी। चूंकि सभी वर्ग की महिलाएं व अनुसूचित जाति-जनजाति के पुरुष आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं इसलिए उनके जीवनस्तर को सुदृढ़ बनाने के लिए आर्थिक सहायता की जरूरत है। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से प्रति माह एक हजार रुपये पेंशन दी जाएगी। इसके लिए आवेदन करना होगा। इसके तहत लाभुक आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और जाति प्रमाणपत्र की छायाप्रति जमा करें। ग्रामीण क्षेत्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में अंचल अधिकारी को आवेदन समर्पित करें। आवेदन के जांचोपरांत योग्य लाभुकों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। जिले के अंतर्गत 20 फरवरी से 22 फरवरी तक सभी प्रखंडों की पंचायतों में एवं शहरी क्षेत्र के सभी वार्ड में विशेष शिविर का आयोजन किया जाना है। इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, भूमि सुधार उप समाहर्ता सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज आदि उपस्थित थे।




### डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

वहीं समाहरणालय में बृहस्पतिवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के सफल संचालन को लेकर बैठक हुई। उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्रखंडवार प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन तथा जियोटैगिंग की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को योग्य लाभुकों का चयन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने तय लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत कर सभी सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने लक्ष्य के विरुद्ध कम आवेदन स्वीकृत करने वाले संबंधित बीडीओ सुधारात्मक प्रगति लाते हुए लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

# पहाड़ी मंदिर में हुआ भगवान शिव का तिलकोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के पहाड़ी शिव मंदिर में 8 मार्च को शिवरात्रि पर शिव विवाह कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व बुधवार देर रात्रि भगवान शिव का तिलकोत्सव अभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, निरंजन कुमार सिंह, अरविंद कांत पांडेय, मुख्य यजमान पंडित मृत्युंजय मिश्रा उर्फ बल्लू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोगों के बीच में प्रसाद वितरण कर सामूहिक भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सीताराम व्यास मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। मौके पर एके द्विवेदी, गौतम पटंडी, आलोक कुमार, अरविंद कांत पांडेय, राकेश रंजन सिंह, मुरारी लाल, मंदीप बैठा, अशोक कुमार, अरुण कुमार, बबलू प्रसाद सेठ, महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक, जिप सदस्य संतोषी शेखर, सुमन सिंह, सुधा दुबे, गीता देवी, शांति देवी, पूनम देवी, आशा देवी, लव कुमार, विवेक कुमार, विकास कुमार, राजा बाबू, खुशबू सिंह, जिया पांडेय आदि उपस्थित थे।



# गिद्धौर में जुड़े 1232 वोटर

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड में 1232 नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया। अब प्रखंड में 31392 मतदाता हो गए हैं। इसमें 16139 पुरुष व 15253 महिला मतदाता हैं। इसके पूर्व प्रखंड में 30160 मतदाता थे, जिसमें 15627 पुरुष व 14533 महिला मतदाता शामिल थे। प्रखंड के 38 मतदान केंद्रों से 1232 नए मतदाता जोड़े गये। पंचायत वार मतदाताओं में बारीसाखी में 5644 मतदाता हैं, जिसमें पुरुष 2906 व 2741 महिला हैं। मंझगांवा में 4941, जिसमें 2578 पुरुष व 2463 महिला, गिद्धौर में 5210 में 2656 पुरुष व 2554 महिला, पहरा में 4639 में 2377 पुरुष व 2262 महिला, बारियातु में 4674 में 2400 पुरुष व 2274 महिला एवं द्वारी पंचायत में 6284 मतदाता में 3225 पुरुष व 3059 महिला मतदाता हैं।

## विश्वकर्मा समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**चतरा।** सदर थाना अंतर्गत हनुमान मंदिर परिसर में जिला स्तरीय राणा विश्वकर्मा समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष रामू राणा व संचालन जयंती अध्यक्ष वासुदेव प्रसाद राणा ने की। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से समाज के प्रखंड अध्यक्ष शामिल थे। इस दौरान आगामी 18 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में आहूत विश्वकर्मा अधिकार रैली की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही 22 फरवरी को चतरा में भव्य रूप से विश्वकर्मा जयंती मनाने को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर जिला सचिव प्रोफेसर जगदीश शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राणा, चतरा प्रखंड अध्यक्ष इंद्रदेव राणा, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष डॉ ईश्वरी राणा, कान्हाचट्टी प्रखंड अध्यक्ष अशोक राणा, प्रतापपुर प्रखंड अध्यक्ष संतोष राणा आदि उपस्थित रहे।

**Office of the Nagar Panchayat Hussainabad**

**E-Procurement Notice**
**NIT No: NPH/10/SBD/2022-23 (3rd Call)**

| Sr. No | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10KLD at Hussainabad Town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: # 2,19,36,142 Operation & Maintenance Cost: # 1,21,77,720 Total: # 3,41,13,862 |
| 3. | Bid Security (INR) | # 3,41,140/-,(Rupees Three Lakhs Forty-One Thousand One Hundred Forty Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | #10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 23.02.2024 |
| 7. | Document downloading start date | 23.02.2024 |
| 8. | Start date for seeking clarification | 21.02.2024 |
| 9. | End date for seeking clarification | 27.02.2024 |
| 10. | Pre- bid meeting date, time & Venue | 27.02.2024 @11.00 AM at Hussainabad Nagar Panchyat Office, near Over bridge, Haider Nagar Road . |
| 11. | Bid submission end date | 18.03.2024 |
| 12. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 18.03.2024 , The security and cost will be accepted online mode only |
| 13. | Bid opening date (online | 21.03.2024 |
| 14. | Mode of Submission of Bids | I. e.-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Hussainabad. |
| 16. | Helpline Number | 8340494956, 9835206770 |

Note: Only e-Tender will be accepted
complete bid document is available on website
http://iharkhandtenders.gov.in

Exceutive Officer
Nagar Panchayat Hussainabad

PR 318973 (District)23-24*D

**कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ................................/ दिनांक ................................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.12.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर मलगो मोड, थाना भरनो के पास से 13 पीस साल बोटा सहित एक मिनी ट्रक 407 संख्या– JH01B6078 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थित स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28.02.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी
गुमला वन प्रमंडल

PR 318976 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ................................/ दिनांक ................................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.01.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह पेट्रोल पंप के पास से 16 पीस साल बोटा सहित एक मिनी ट्रक 407 संख्या– JH02J3808 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर रायडीह वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28.02.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 318974 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

**कार्यालय**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ................................/ दिनांक ................................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.01.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर राँची–सिमडेगा पथ पर कलिगा के पास से 163 पीस साल बीम सहित एक 12 चक्का ट्रक संख्या–BR27A3751 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर बसिया वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28.02.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.318972 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

**कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार।**

**पुर्न अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना**
ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 18/2023-24 (2nd call)

1. कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत बस पड़ाव चन्दवा में 14 अदद दूकान निर्माण। | 55,89,200.00 | 1,12,000.00 | 10,000.00 | 06 माह | 01/2023-24 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 17.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–23.02.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 26.02.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 6205276661 / 7488190211
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार।

PR 319051 (Rural Development) 23-24 (D)

## एक नजर

### जय गुरुदेव के दिव्य सत्संग में श्रद्धालु जुटे

**गुमला।** भरनो प्रखंड मुख्यालय के बालक मध्य विद्यालय स्थित मैदान में शुक्रवार को जय गुरुदेव का दिव्य आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रवक्ता की भूमिका विश्व विख्यात संत जय गुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रवक्ता पूज्य पंकज महाराज निभाएंगे। इस विशाल सत्संग में झारखंड के कई जिलों रांची, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी आदि से श्रद्धालु हजारों की संख्या में सत्संग में उपस्थित होंगे। गुमला जिला अध्यक्ष सह आयोजनकर्ता बाबा खुदी महली ने बताया कि सत्संग की पूरी तैयारी कर ली गई है।

### बकरी का वितरण

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग पंचायत के विभिन्न ग्रामों में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत पशुपालन विभाग की ओर से बकरा विकास योजना के तहत प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज सिंह व डॉ. रोहित कुमार की मौजूदगी में चौकनी, पारही, गढ़गांव, निमटोली, मुर्की के तारा उरांव, सुमित्रा उरांव, चंद्रदेव भगत, महेंद्र टाना भगत, बिरसी उरांव, जिता भगत, दीपेश टाना भगत सहित लगभग 20 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण किया गया। मौके पर माना देवी, असरिता देवी, गुंदरी देवी, शीलवंती देवी आदि उपस्थित थे।

### वृद्धावस्था पेंशन के लिए शिविर 20 से

**चैनपुर (गुमला)।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में 20 फरवरी से 22 फरवरी तक मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस योजना से 50 से 59 वर्ष आयु की सभी वर्ग की महिलाएं लाभान्वित हो सकती हैं। वहीं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के पुरुष आवेदक को योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु जाति प्रमाणपत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा, लेकिन महिला आवेदक को जाति प्रमाणपत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य नहीं होगा।

# श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर की वर्षगांठ धूमधाम से मनी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित शोक विनाशक श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 23वां वार्षिकोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में पूजा पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई। वहीं हनुमान के विग्रह का सिंदूर से श्रृंगार किया गया है। हनुमान चालीसा, राम चरित मानस, सुंदरकांड आदि का अखंड पाठ किया गया। हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। पुरोहितों ने कहा कि मनुष्य के जीवन में यश कृति सुख समृद्धि व शांति के लिए भगवान की पूजा जरूरी है। भगवान हनुमान के गुणगान से पूरे वातावरण में शुद्धता आ जाती है। इसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरण हुआ। ईधर हनुमान मंदिर में वार्षिकोत्सव के मौके पर विशेष पूजन किया गया। वहीं मंदिर परिसर को बहुत ही मनमोहक एवं आकर्षक तरीके से सजाया गया था। 23 किलो का लड्डू का भोग भगवान को लगाया गया। भंडारे की शुरुआत जिला उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने संयुक्त रूप से प्रसाद वितरण कर किया।

डीसी-एसपी ने पूजी सब्जी का प्रसाद भक्तों को दिया। वहीं खुद भी प्रसाद खाया। मंदिर कमेटी की ओर से डीसी-एसपी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। बता दें कि हर वर्ष प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है।



# समाज की तरक्की व बेदारी को कृतसंकल्पित रहेंगे : आफताब

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
जिले के भंडरा प्रखंड के नव निर्वाचित सदर जनाब आफताब आलम ने उन्हें नयी जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मतदाता, चुनाव कमेटी, नाजीमे आला व प्रखंड वासियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पूरे भंडरा प्रखंड के लोगों ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है इसपर शत-प्रतिशत खरा उतरते हुए समाज की तरक्की और बेदारी हेतु कृतसंकल्पित रहेंगे। नव निर्वाचित सदर जनाब आफताब आलम ने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद प्रखंड में एक समीक्षा बैठक आहूत की जाएगी, जिसमें प्रखंड के सभी गांवों को आमंत्रित किया जाएगा, जहां पर सक्रिय सदस्य का चुनाव किया जाएगा और समाज में जो भी बुराइयां फैली हुई है उन पर अंकुश लगाए जाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। समाज में शिक्षा के महत्वों को बढ़ावा दिए जाने और दहेज प्रथा, नशाखोरी जैसे बुराइयों को रोकने की पूरी कोशिश की जाएगी।



# खाई में पलटा ट्रैक्टर, एक की मौत, तीन लोग घायल

## हादसे के शिकार लोग बिहार के खगड़िया जिले के रहने वाले

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
कुडू थाना क्षेत्र के सलगी पंचायत में बुधवार की देर शाम एक भीषण हादसा हुआ। सलगी आनंदपुर में जलमीनार के कार्य में लगे एक ट्रैक्टर पलट गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी लगने पर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार देर शाम हो रही तेज बारिश और ओलावृष्टि के दौरान धुंध के कारण चालक को सामने दिखाई नहीं देने के कारण ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर 10 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरा, जिससे ये हादसा हुआ। मृतक की पहचान बंटी कुमार सिंह के रूप में हुई, जबकि घायलों में रमण कुमार (34) एवं सोहन कुमार (24) के रूप में हुई है। सभी बिहार के खगड़िया जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। ये हर घर नल योजना के तहत सलगी - मसियातु रोड पर स्थित सलगी के आनंदपुर टोला में बन रहे जलमीनार के कार्य मे लगे हुए थे। घायलों का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में चल रहा है।



## सरस्वती पूजा के दौरान चार छात्र आपस में भिड़े

**लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के हनहट प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में सरस्वती पूजा के दिन बुधवार को सरस्वती पूजा के दौरान चार छात्र आपस में भिड़ गए। मामला इतना बढ़ गया कि इसके बाद छात्रों ने फोन कर अपने अभिभावकों को बुला लिया था। गांव के लगभग बीस लोगों ने विद्यालय परिसर में जबरन घुसकर बच्चों से मारपीट कर सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया था। बाद में पुलिस पहुंचकर मामला शांत कराया था।

इस पर कार्रवाई करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्णा उरांव के द्वारा छात्र आयुष भगत, लोकेश साहू के अलावा दो अन्य नाबालिक छात्र व अन्य 19 अज्ञात लोगों के खिलाफ कैरो थाना में मामला दर्ज कराया गया है। कैरो थाना कांड संख्या 10/24 धारा 147, 148, 149, 341, 323, 504, 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की करवाई में जुट गई है।

# जेएमएम ने निकाला न्याय मार्च, सरना स्थल पर प्रार्थना



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरु पंचायत के कल्हेपाट गांव से जेएमएम नेत्री सह जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की की अगुवाई में जेएमएम के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च की शुरुआत देवी मंडप और सरना स्थल पर प्रार्थना कर की गई।

मौके पर जेएमएम जिलाध्यक्ष मोज्जमिल अहमद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता के लोकप्रिय नेता थे, जिन्हें केंद्र सरकार की एजेंसी के इशारे पर ईडी द्वारा परेशान कर जेल में डाला गया है। हमारे नेता शीघ्र ही जेल से रिहा होंगे। आज हमने न्याय मार्च की शुरुवात लोहरदगा जिले के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट ग्राम से की है। जनता का समर्थन मिल रहा है। वहीं जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि झारखंड के मूलवासी और आदिवासी को बीजेपी की सरकार परेशान कर रही है। आने वाले समय में झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता भाजपा को जवाब देगी और 2024 में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जेएमएम की सरकार बनेगी। जिला सचिव अनिल उरांव ने कहा कि हमारे लोकप्रिय नेता को ईडी के माध्यम से साजिश के तहत फंसाया गया है। इसी को लेकर हम सभी लोग पूरे जिले में गांव-गांव भ्रमण कर धार्मिक स्थलों में पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई के लिए प्रार्थना कर रहे हैं और न्याय मार्च के माध्यम से जनता के बीच जा रहे हैं। मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरिता भगत, अफरोज आलम, राजकिशोर राम, अशोक उरांव, नईम अंसारी, पूनम उरांव, कृष्णा भगत आदि मौजूद थे।

## संकल्प व नियम से मिलेगा अबुआ आवास : बीडीओ

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा व सेरेंगहातु पंचायत के ग्रामीणों ने योग्य लाभुकों को अबुवा आवास नहीं मिलने और वरीयता सूची में नाम नहीं रहने की बात बोलकर आपत्ति जताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा से शिकायत की। कहा कि झालजमीरा और सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत में जनसेवक अबुआ आवास का जियो टेग कर सत्यापन करने किस आधार पर जा रहे हैं। गांव के ग्रामीण अबुवा आवास सूची में नाम नहीं होने के कारण हंगामा कर रहे हैं। जनसेवक द्वारा अबुवा आवास की सूची नहीं दिखाने पर ग्रामीणों ने सूची में नाम नहीं मिलने पर प्रखंड कार्यालय पहुंच कर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा से मिलकर शिकायत की गई। बीडीओ ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिन व्यक्तियों का पक्का मकान, चार पहिया वाहन, सरकारी नौकरी करने वाले तथा जनप्रतिनिधियों को अबुआ आवास नहीं मिलेगा। साथ ही बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में 7500 अबुआ आवास का पंजीयन हुआ है। सभी का जियो टेग करना है। प्रथम चरण में 557 आवास नियम अनुसार ही योग्य लाभुकों को मिलेगा।

# भारतीय सेना में भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 22 मार्च तक चलेगी

**लोहरदगा।** भारतीय सेना में भर्ती हेतु सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 13 फरवरी से प्रारंभ है जो 22 मार्च तक चलेगा। ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से प्रारंभ होंगी, जिसमें अग्निवीर जेनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोरकीपर (एसकेटी), अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास), अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास), अग्निवीर वुमेन मिलिट्री पुलिस (डब्ल्यूएमपी) और सोल्जर टेक्निकल (नर्सिंग असिस्टेंट) के अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर में रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष कैंप 17 व 18 फरवरी को आयोजित होगा। इस दौरान आवेदक के पास आधार कार्ड, मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण से संबंधिक प्रमाण-पत्र, हस्ताक्षर का स्कैन कॉपी (साईज 5-10 केबी), नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो का स्कैन कॉपी (साईज 5-20 केबी), आधार कार्ड से लिंक किया हुआ मोबाईल नंबर, आवेदक का ई-मेला आईडी, शैक्षणिक योग्यता का मार्कशीट, रजिस्ट्रेशन फीस (यूपीआई/डेबिट/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग) व पता होना आवश्यक है।

# सांसद पहुंचे पेशरार के मुर्मू गांव, योजनाओं पर की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारतीय जनता पार्टी के गांव चले अभियान के तहत लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने पेसरार प्रखंड अंतर्गत मुर्मू गांव का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात कर केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान मुर्मू गांव के लोगों के साथ लोकसभा सांसद ने योजनाओं की चर्चा की और कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ऐसी योजनाओं की शुरुआत की गई है जो सीधे लाभुकों को लाभान्वित करती है। केवल एक विशेष वर्ग के लोगों को लाभान्वित नहीं किया गया है। पेशरार का कायाकल्प भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है। यहां आवास, बिजली, शौचालय, उज्जवला योजना, किसान समृद्धि योजना, किसान सम्मान निधि का लाभ सीधे बिना बिचौलियों के प्राप्त हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी का एकमात्र लक्ष्य है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। शहर हो या गांव सभी को मौलिक अधिकार प्राप्त हो रहे हैं जो विगत नौ वर्ष पहले में नहीं हो रहे थे। अब जनता भी जाग चुकी है। गुमराह की नीतियों को नहीं भाजपा घोषणाओं को पूरा करती है। मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार में पेसरार का उत्थान हुआ है। आज पेसरार पुनः कई कमियों और भ्रष्टाचार के कारण बड़ी संख्या में लोग योजनाओं का लाभ से वंचित हो रहे हैं। आए दिन गरीब पहाड़ी क्षेत्र के लोग दफ्तर के चक्कर काटते नजर आते हैं। बिचौलिया हावी इतना है की योजनाओं का पैसा लाभूक से निकलवा कर स्वयं अधिकारी के नाम पर खाए जा रहे हैं, परंतु उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। मौके अनिल उरांव, सजल उपस्थित रहे।



# अखिल झारखंड छात्र संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने गुरुवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल से यह मांग की गई है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली एवं पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए क्योंकि यह छात्र हित से जुड़ा हुआ बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। सरकार द्वारा एसआईटी जांच पर्याप्त नहीं है। इस पेपर लीक मामले में विभिन्न अधिकारी सहित कुछ बड़े लोगों के भी शामिल होने का अंदेशा है। चूंकि यह मामला छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि एक सुनियोजित तरीके से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया गया है और अंतराज्यीय गिरोह को कुछ राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। तत्काल परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डाला जाए एवं झारखंड नकल कानून के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए। इस पेपर लीक घोटाले में कई उच्च अधिकारियों की भी संलिप्तता सामने आई है। इसलिए अविलंब सीबीआई जांच की घोषणा की मांग अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) करती है। मौके पर संघ लोहरदगा के अध्यक्ष आयुष महतो, महाविद्यालय प्रभारी आशीष साहू, प्रभारी विजय महतो एवं राजा साहू अंकित उपाध्याय दीनदयाल गोप, राजकुमार साहू आदि उपस्थित थे।




**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 07/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as S/R Estimate for Repairing of 50 H.P. VT P/Set, 20 H.P. C/F Pump Set, 25 H.P. C/F Pump Set, 40 H.P. C/F Pump Set, Supplying & Fitting 200 Amp main switch etc work of Lesliganj add joining village Rural Water Supply Scheme for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 16.02.2024 at 3.30 hrs.to 23.02.2024 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 24.02.2024 at 3.30 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 318986 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**
अति–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - **DWSD/DT/Med-07/2023-24 (2nd Call)**
दिनांक – **13.02.2024**

| 1 | Name of Work :- Construction of 125/115 mm dia with. 70m/90m/120m mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform etc. On "Turn Key Basis" under D.W.&S. Division, Medininagar for the Year 2023-24. |
|---|---|

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MED/DT/70mtr.02 | 100 Nos | 89,17,741.00 | 1,78,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.02.2024 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.02.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 23.02.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 रामेश्वर गुप्ता, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7543089612 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 318979 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**
ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/32/2023-24/RE-1

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM), Block-Shaligram Narayanpur (Hunterganj) | 50,14,200.00 | 1,00,300.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 2 | PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM), Block-Simaria. | 50,14,200.00 | 1,00,300.00 | 10,000.00 | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **22.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–**22.02.2024** से दिनांक–**29.02.2024** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **02.03.2024** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा।

PR 318985 (Rural Development) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**
**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या :– 05/R1/2023-24/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 13.02.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR 8/ STPKG-02/2023-24 | मेराल से जानीजबार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 6.850 कि0मी0)<br>T06 से हुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 3.180 कि0मी0)<br>मोहनपुर से तासु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 5.600 कि0मी0)<br>ईचाक से टोंगरीटोला दुधीमाटी लावागढ़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 4.350 कि0मी0)<br>मटलौंग बाजारटांड से नुनफोडवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.250 कि0मी0)<br>मटलौंग बैदा आहर से मेन रोड हेरहंज भाया खपराटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.225 कि0मी0) | 1297.368 | रू0 बारह करोड़ संतान्बे लाख छतीस हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 15 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 17.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 28.02.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 319014 REO(23-24)D

# चकाचौंध से संस्कृति सुप्त होती है लुप्त नहीं

उत्सवप्रिय भारत की संस्कृति में जन्म से अंतिम क्रिया तक के संस्कार होते हैं और प्रायः सभी में या तो गीत होते हैं या अन्य संस्कार और इसमें ऋतुराज बसंत के सतरंगी इंद्रधनुष में जब न गर्मी हो न ठंढक सभी किसी न किसी रंग में रंग जाते है । रोजगार या व्यवसाय के लिए विदेश गए भारतीय मूल के लोगों से लेकर सदियों पहले फिजी,सूरीनाम या मॉरीशस गए गिरमिटिया मजदूरों की नई पीढ़ी तक बसंत से अप्रभावित नहीं रह पाती क्योंकि यह हमारे संस्कारों के रूप में डीएनए में है । हमारे देश में जितने भी पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं, उनका संबंध प्रकृति से और कृषि संस्कृति से जुड़ा हुआ है। उत्तर भारत के कई इलाकों में किसान इस दिन श्रीपंचमी का उत्सव मनाते हैं, जिसमें हल की पूजा की जाती है। धरती का असली शृंगार तो फसलों से ही होता है। कालिदास ने फसलों को कृषिफल कहा है। वसंत के मौसम में ही गेहूं की बालियां परिपक्व होकर पकने लगती हैं। इसके अलावा, भूवैज्ञानिक भी कहते हैं कि शीत ऋतु के बाद वसंत ऋतु में भूमध्य रेखा ठीक सूर्य के सामने आ जाती है। सूर्य की ऊर्जा, सूर्य का प्रकाश और उसकी ऊष्मा पृथ्वी पर सीधे पहुंचने लगती है। इस ऋतु में शीत तो दूर होती ही है, सूर्य की ऊष्मा पाकर पृथ्वी भी जग जाती है। उसकी चेतना जाग उठती है। जब पृथ्वी यानी प्रकृति जगती है, तो सभी जागते हैं, समाज भी जगता है, उसकी इच्छाएं, भावनाएं जगती हैं। उसमें विवेक और काम भावना का संचार होता है। इस तरह से सूर्य और प्रकृति का जो संयोग है, वह प्रकृति पर तो असर डालता ही है, मनुष्य और उसके समाज पर भी उसका असर होता है। पेड़, पौधे, नदियां, पर्वत, मनुष्य, समाज सब की चेतना जाग जाती है। वसंत ऋतु में सिर्फ मनुष्यों की इच्छाएं ही नहीं जागतीं, बल्कि प्रकृति भी इच्छाओं और कामनाओं से भर उठती हैं। वसंत ऋतु में तरह-तरह के फूलों का खिलना प्रकृति की इन्हीं कामनाओं का प्रतीक है। हरे-भरे खेतों में सरसों के पीले फूल प्रकृति की सुषमा में चार चांद लगा देते हैं। इस तरह से वसंत ऋतु सृष्टि के सृजन और विकास को गति देती है। महाकवि निराला ने तो लिखा ही है-रंग गई पग-पग धन्य धरा/ हुई जग जगमग मनोहरा। कहा जाता है कि वसंत में मन-प्राण खिल उठते हैं। हम लोग बचपन में देखते थे कि वसंत पंचमी के दिन से ही लोग एक-दूसरे को अबीर लगाना शुरू कर देते थे और सामूहिक रूप से होली गाई जाने लगती थी। वसंत के दौरान पूरे गांव-समाज में सामूहिकता की भावना व्याप्त दिखती थी। लेकिन आज सामूहिकता की वह भावना लगभग खत्म होती जा रही है। लोग आत्मकेंद्रित ज्यादा हो चले हैं और अपनी-अपनी दुनिया में सीमित होकर रहने लगे हैं। कहने को तो स्मार्टफोन और इंटरनेट के माध्यम से हम दुनिया में कहीं भी पल भर में संवाद कर सकते हैं, लेकिन अपने आस-पास से कटकर हम अकेले हो चले हैं। प्रौद्योगिकी के विकास ने हमारे लिए अवसरों के अनेक द्वार तो खोले हैं, लेकिन हमारे सामने एक नया संकट भी खड़ा कर दिया है और वह संकट है-इकहरेपन का संकट। हम आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन अपनी जड़ों से कटते भी जा रहे हैं।

> **रोजगार या व्यवसाय के लिए विदेश गए भारतीय मूल के लोगों से लेकर सदियों पहले फिजी,सूरीनाम या मॉरीशस गए गिरमिटिया मजदूरों की नई पीढ़ी तक बसंत से अप्रभावित नहीं रह पाती क्योंकि यह हमारे संस्कारों के रूप में डीएनए में है । हमारे देश में जितने भी पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं, उनका संबंध प्रकृति से और कृषि संस्कृति से जुड़ा हुआ है। उत्तर भारत के कई इलाकों में किसान इस दिन श्रीपंचमी का उत्सव मनाते हैं, जिसमें हल की पूजा की जाती है। धरती का असली शृंगार तो फसलों से ही होता है।**

इन दिनों

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' बड़ा विचार-बड़ा सुधार





मुकुंद

**देश** में गंभीर तार्किक एवं अन्य चुनौतियों के बावजूद लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का विचार दशकों से चर्चा के केंद्र में है। इसका मकसद भारतीय चुनाव चक्र की अनावश्यक पुनरावृत्ति को रोकना है। हालांकि वर्ष 1967 तक 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा के तहत देश में चुनाव हुए हैं, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने से पहले राज्यों की विधानसभा और लोकसभा के बार-बार भंग होने के कारण यह सिलसिला थम गया। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों मसलन आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम के विधानसभा चुनाव अभी भी साथ होते हैं। आज 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा कुछ कारणों से अपरिहार्य हो गई है। केंद्र सरकार कुछ समय पहले इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। यह समिति इस संबंध में व्यापक मंथन कर रही है। इस अवधारणा पर अगस्त 2018 में जारी विधि आयोग की एक मसौदा रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के अभ्यास से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम किया जा सकेगा। इससे सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन संभव होगा। चुनाव प्रचार के बजाय विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न प्रशासनिक सुधार किये जा सकेंगे। यहां यह महत्वपूर्ण है कि संविधान के अनुच्छेद 83(2) और अनुच्छेद 172 में कहा गया है कि लोकसभा और राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। इसमें जरूरी यह है कि यदि इन्हें पहले भंग न किया जाय। मगर अनुच्छेद 356 के तहत ऐसी परिस्थितियां भी उत्पन्न हो सकती हैं जिसमें विधानसभाएं पहले भी भंग की जा सकती हैं। इसलिए कार्यकाल पूरा होने से पहले केंद्र अथवा राज्य सरकार के गिरने की स्थिति में इस योजना की व्यवहार्यता सबसे अहम प्रश्न है। चुनाव विशेषज्ञ मानते हैं कि इस बदलाव के लिए संविधान में संशोधन करने से न केवल विभिन्न स्थितियों और प्रावधानों पर व्यापक तौर पर विचार करने की आवश्यकता होगी, बल्कि ऐसे बदलाव भविष्य में किसी प्रकार के संवैधानिक संशोधनों के लिए एक मिसाल भी साबित हो सकते हैं। कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि बार-बार होने वाले चुनाव के वर्तमान स्वरूप को लोकतंत्र में अधिक लाभकारी के तौर पर देखा जा सकता है, क्योंकि यह मतदाताओं की आवाज को बुलंद करता है। केंद्र और राज्यों के मुद्दे अलग-अलग होते हैं। इसलिए वर्तमान ढांचा अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करता है। माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव के लिए लगभग 30 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होगी। भारत निर्वाचन आयोग वर्ष 2015 में सरकार को एक व्यवहार्यता रिपोर्ट सौंप चुका है। इसमें संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन का सुझाव दिया जा चुका है। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि एक साथ चुनाव कराने के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता होगी। यही नहीं, 15 वर्ष बाद मशीनों को बदलने की अतिरिक्त लागत के साथ ईवीएम और वीवीपीएटी की खरीद के लिए लगभग 9,284.15 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। मशीनों की भंडारण लागत में भी वृद्धि होगी। इस अवधारणा पर कुछ राजनीतिक दलों का तर्क है कि यह मतदाताओं के व्यवहार को इस तरह से प्रभावित कर सकता है कि मतदाता राज्य चुनाव के लिए भी राष्ट्रीय मुद्दों को केंद्र में रखकर मतदान करेंगे। इससे बड़े राष्ट्रीय दल, राज्य विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनाव में जीत हासिल कर सकते हैं और इस तरह क्षेत्रीय दलों के हाशिये पर चले जाने की संभावना बढ़ जायेगी। यहां यह जानना जरूरी है कि कई देशों में इसी अवधारणा के तहत चुनाव होते हैं। दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय और प्रांतों की विधानसभा के चुनाव पांच साल के लिए एक साथ होते हैं। स्वीडन में राष्ट्रीय विधायिका और प्रांतीय विधायिका और स्थानीय निकाय चुनाव चार साल के लिए एक निश्चित तिथि यानी सितंबर के दूसरे रविवार को होते हैं। लेकिन अधिकांश अन्य बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक साथ चुनाव की ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। ब्रिटेन में ब्रिटिश संसद और उसके कार्यकाल को स्थिरता प्रदान करने के लिए निश्चित अवधि संसद अधिनियम, 2011 पारित किया गया था। इसमें प्रावधान था कि पहला चुनाव सात मई, 2015 को और उसके बाद हर पांचवें वर्ष मई के पहले गुरुवार को होगा। देश में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' वक्त की फौरी जरूरत है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों को कम से कम इस मुद्दे पर विचार-विमर्श में सहयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार तो अपना धर्म निभा चुकी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। कोविन्द और समिति के सदस्यों एनके सिंह, डॉ. सुभाष कश्यप और संजय कोठारी ने कल (14 फरवरी, 2024) देश के कुछ प्रमुख अर्थशास्त्रियों से मुलाकात कर विचार-विमर्श किया। 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एनके सिंह और आईएमएफ के सिस्टमिक डिवीजन इश्यूज की प्रमुख डॉ. प्राची मिश्रा ने 'मेक्रोइकोनॉमिक्स इम्पैक्ट ऑफ हामोर्नाइजिंग इलेक्ट्रोरल साइकल्स' शीर्षक से तैयार एक पेपर कुछ अरसा पहले इस समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया है कि खर्चों के अलावा, दोहराये जाने वाले खर्चों के व्यापक आर्थिक प्रभाव भी होते हैं। इनमें निवेशकों और अन्य सामाजिक हितधारकों के मन की अनिश्चितता के अलावा जीडीपी वृद्धि, निवेश, विस्तारित सार्वजनिक व्यय, राजकोषीय घाटा, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी निष्कर्ष और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दे शामिल हैं। समिति ने इस पेपर पर प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों की प्रतिक्रिया जानने के लिए विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया।

> **आज 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा कुछ कारणों से अपरिहार्य हो गई है। केंद्र सरकार कुछ समय पहले इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। यह समिति इस संबंध में व्यापक मंथन कर रही है। इस अवधारणा पर अगस्त 2018 में जारी विधि आयोग की एक मसौदा रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के अभ्यास से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम किया जा सकेगा। इससे सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन संभव होगा।**

## आपकी बात

### आलेख पढ़कर मन बाग-बाग हो गया



विजय केसरी

'भारत में रचे बसे हैं, एक सूत्र में बांधने वाले वासंतिक त्यौहार' ऋतुराज वसंत मास पर शानदार आलेख पढ़ा। आपने वसंत की व्याख्या बहुत ही अच्छे ढंग से की है। वसंत मास से जुड़ी कई पौराणिक कथाओं की जन्मदात्रियों का भी वर्णन किया है। इसी पवित्र मास में कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ था। माता लक्ष्मी का भी आगमन हुआ था। कामदेव मदन का भी आगमन इसी मास में हुआ था। आपने वसंत की कोकिला सुभद्रा कुमारी चौहान का भी जिक्र किया। आपने दर्ज किया है कि वसंत मास सच्चे अर्थों में, ऋतुओं में सर्वश्रेष्ठ मास है। इस मास में न ज्यादा गर्मी होती है और न ज्यादा ठंडक। वसंत में खेत खलियान लहलहाने लगते हैं। वसंत के फल बाहर आने के लिए आतुर रहते हैं। फसलें गदरा जाती हैं।

भाई सुनील बादल जी, आपने बहुत ही शानदार तरीके से वसंत ऋतु का वर्णन किया है। वसंत का हमारे जीवन से कैसा संबंध है? वसंत ऋतु पर हमारे धर्म ग्रंथो में इसकी क्या महता है? इस पर भी विस्तार से चर्चा की है। आलेख पढ़कर मन मस्तिष्क वसंत - वसंत हो गया है।? आज का बाहर मौसम भी वसंत नुमा ही है। ऐसे में आपके आलेख का पाठन और भी मोहक बना दिया है। कल देश भर में कला की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना बहुत ही विधि विधान के साथ संपन्न हुई। आज संध्या में माता का विसर्जन होना है। ऐसे में आपका यह आलेख इसे और भी मोहक व सुंदर बना दिया है। आज की युवा पीढ़ी मस्ती और आनंद के लिए इधर-उधर भागते देखे जाते हैं। इस आलेख ने युवा पीढ़ी के लोगों को वसंत ऋतु के महत्व के संबंध में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारियां दी है। अगर आज की पीढ़ी वसंत ऋतु के पौराणिक महत्व को समझ लें तो वैलेंटाइन डे अथवा अन्य डे की जरूरत नहीं पड़ेगी। जीवन से निराश हो चुके लोग, जीवन के महत्व को समझें। यह जीवन बहुत ही बेशकीमती और अनमोल है। लाखों वर्षों की तपस्या के बाद यह मनुष्य जीवन मिल पाता है। वसंत ऋतु इस जीवन के महत्व को हमारे समक्ष ऋतु के माध्यम से प्रस्तुत करता है। यह मानवीय जीवन प्रेम और उल्लास से भरा है। यह जीवन परोपकार के मार्ग पर चलने को प्रशस्त करता है। आनन्द के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। वसंत तो हमारे अंदर ही विद्यमान है। वनस्पति कि खुद के वसंत को निहारने की। अंत में मैं इतना ही कहना चाहता हूं, आपने वसंत ऋतु पर एक शानदार आलेख प्रस्तुत किया है। आपने वसंत ऋतु से संबंधित कई नई जानकारी दी हैं। आलेख पढ़कर मन बाग - बाग हो गया है। एक उत्कृष्ट आलेख के लिए, हृदय के वसंत से आभार।

**- हजारीबाग।**

राजनीति

# कोटा से कैसे मिटेगा आत्महत्याओं का कलंक ?



रमेश सर्राफ धमोरा

**कोटा** में एक बार फिर कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ का रहने वाला स्टूडेंट शुभकुमार चौधरी (16) ने सोमवार रात फंदे पर लटककर जान दे दी। डीएसपी भवानी सिंह ने बताया कि स्टूडेंट 12वीं में पढ़ाई करता था। सोमवार रात जेईई की रिजल्ट आया। सुबह उसने पैरेंट्स का फोन नहीं उठाया तब वार्डन को कॉल किया। वार्डन ने गेट को धक्का देकर खोला तो स्टूडेंट पंखे पर लटका हुआ था। इस साल कोटा में सुसाइड का यह चौथा मामला है। दो फरवरी को गोंडा के नूर मोहम्मद (27), 31 जनवरी को कोटा के बोरखेड़ा की निहारिका (18) और 24 जनवरी को मुरादाबाद के मोहमद जैद (19) ने आत्महत्या की थी। राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। इससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपये की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्या की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों में यह प्रवृत्ति नहीं रुक रही। इसके लिए मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं।

> **राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। इससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपये की आय होती है।**

## फेसबुक वॉल से

**Vijay Singh** is in **Mumbai.**
1d ·

APNE NSD K SENIOR NATIONAL AWARD WINNER DUSHMAN, SANGHARSH JAISE FILMON K MAHAN ACTOR PARAM SRADHEY SRI ASHUTOS RANA DADA K SATH EK HINDI FILM KAR RAHA HOON..... SANSKAR NAM KA CHIZ HAI KI.... JAI HO.... VIJAY HO ❤️❤️



Sanjay + 439 275 comments 2 shares

Like Comment Send Share

**Om Prakash Mishra**
बधाई हो एक बहुत अच्छे मंजे हुए कलाकार के साथ आप काम करने जा रहे हैं
Like Reply 1

## X - से

Post

**Surya Pratap Singh IAS Rtd.**
@suryapsingh_IAS

जब सरकार ने किसानों की अधिकांश माँगे पहले ही स्वीकार कर ली हैं, तब भी आंदोलन जारी रखना, दर्शाता है कि मुद्दा किसानों की माँगें नहीं बल्कि राजनीतिक है।

सड़कों पर जाम लगा है, इंटरनेट बंद है, बच्चों की परीक्षाएँ चल रही हैं, आमजन परेशान है।

विपक्ष चुनावी रोटी सेक रहा है, किसानों को बरगला रहा है, उसे लोगों की परेशानी से कोई सरोकार नहीं।

Translate post

9:50 PM · 14/02/24 From Earth · 187K Views

996 Reposts 113 Quotes

4K Likes 11 Bookmarks

**Mobin LLB** @immobink · 18h
आप जैसे लोग इस प्रोपगेंडा में सामिल है
twitter.com/immobink/statu...

**Mobin LLB** @immobink · 1d
किसान आंदोलन को बीजेपी के लोगों द्वारा कैसे

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# विश्व का एक अनूठा त्योहार है मार्यादा महोत्सव



ललित

**जीवन** का पड़ाव चाहे संसार हो या संन्यास, सीमा, संयम एवं मर्यादा जरूरी है। मर्यादा जीवन का पर्याय है। धरती, अंबर, समन्दर, सूरज, चांद-सितारें, व्यक्ति, धर्म एवं समाज सब अपनी-अपनी सीमाओं में बंधे हैं। जब भी उनकी मर्यादा एवं सीमा टूटती है, प्रकृति प्रलय एवं समाज अराजकता में परिवर्तित हो जाता है। इसी मर्यादा की सीख देने वाले धर्म, धर्मगुरु एवं धर्म-संगठन जिस तरह मर्यादाहीन होते जा रहे हैं, वह एक गंभीर स्थिति है। जबकि किसी भी धर्मगुरु, संगठन, संस्था या संघ की मजबूती का प्रमुख आधार है-मर्यादा। यह उसकी दीर्घजीविता एवं विश्वसनीयता का मूल रहस्य है। विश्व क्षितिज पर अनेक धर्म संघ, संप्रदाय, संस्थान उदय में आते हैं और काल की परतों तले दब जाते हैं। वही संगठन अपनी तेजस्विता निखार पाते हैं, जिनमें कुछ प्राणवत्ता हो, समाज के लिए कुछ कर पाने की क्षमता हो। बिना मर्यादा, संयम और अनुशासन के प्राणवत्ता टिक नहीं पाती, क्षमताएं चुक जाती हैं। मर्यादा धर्म संगठनों का त्राण है, प्राण है, जीवन रस है। अंधियारी निशा में उज्ज्वल दीपशिखा है। समंदर के अथाह प्रवाह में बहते जहाज के लिए रोशनी की मीनार है। तेरापंथ धर्मसंघ एक प्राणवान संगठन है और उसमें मर्यादाओं का सर्वाधिक महत्व है। इसके आद्य प्रवर्तक आचार्य भिक्षु ने तत्कालीन समाज की दुर्दशा एवं अनुशासनहीनता को देखते हुए मर्यादाओं का निर्माण किया। न केवल साधुओं के लिये बल्कि श्रावकों-श्रद्धालुओं के लिये भी नियम बनायें। सम्यक श्रद्धा और आचार शुद्धि को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने मर्यादा की लक्ष्मण रेखा बनाई। आचारनिष्ठा, विचार शुद्धि, संगठन की सुघड़ता एवं सुव्यवस्था ही उनका प्रमुख ध्येय था। धर्म-संगठन की सुदृढ़ता व चिरजीविता का रहस्य है इसकी मर्यादाएं। मर्यादाओं की सुदृढ़ प्राचीर में संघ की इमारत अपनी सुरक्षा व खूबसूरती को कायम रखे हुए है। तेरापंथ की मर्यादाओं के सन्दर्भ में कहा जाता है कि वह बिखराव को समेटती है, उच्छृंखलता को अंकुश देती है, समय का प्रबन्धन करती है, शक्तियों का सही दिशा में नियोजन करती है, जीवन को आत्मानुशासन से संवारती है।

> **विश्व क्षितिज पर अनेक धर्म संघ, संप्रदाय, संस्थान उदय में आते हैं और काल की परतों तले दब जाते हैं। वही संगठन अपनी तेजस्विता निखार पाते हैं, जिनमें कुछ प्राणवत्ता हो, समाज के लिए कुछ कर पाने की क्षमता हो।**

बोधि वृक्ष


## भगवान शिव के बाबा बैजनाथ बनने की कथा

भोलेनाथ तो रावण की भक्ति से प्रसन्न थे इसलिए उन्होंने रावण की इस इच्छा को पूर्ण कर तथास्तु कह दिया पर साथ में यह बात भी शर्त के रूप में कही कि यदि तुमने इस कामना शिवलिंग को बीच मार्ग में कहीं रख दिया तो मैं उसी स्थान पर रह जाऊंगा और तुम्हारे साथ लंका नहीं आऊंगा। रावण को शायद यह शर्त बहुत मामूली लगी और उसने यह आसानी से मान ली। अब रावण शिवलिंग को लेकर लंका के मार्ग की ओर निकलने लगा। वहीं दूसरी तरफ रावण और भगवान शिव की वार्ता सुन सभी देवता चिंता में आ गये। सभी देवता गण समाधान के लिए भगवान विष्णु के पास पहुंचे और सारी बात बताई। देवताओं की चिंता का समाधान करने के लिए विष्णु जी ने लीला रची और वरुण देव को आचमन के जरिए रावण के पेट में घुसने के लिए कहा। रावण देवघर के मार्ग तक पहुंचा ही था कि उसे लघु शंका लगी। इसके लिए उसने शिवलिंग वहां मौजूद एक ग्वाले को थोड़ी देर के लिए पकड़ने को दिया। उस ग्वाले ने उस शिवलिंग को वहीं पर रख दिया। तभी से वह स्थान वैद्यनाथ ज्योर्तिलिंग के नाम से जाना जाने लगा। जब दशानन रावण अपने 10 सिरों को एक-एक कर काटकर शिवलिंग पर अर्पित कर रहा था तब 10 वां सिर काटते समय भगवान शिव ने वहां प्रकट होकर रावण के घावों को भरा था और भक्ति से प्रसन्न होकर उसे फिर से दशानन बना दिया था। रावण के घावों को भरने के कारण ही भगवान शिव बाबा वैद्यनाथ कहलाये। जिस प्रकार भगवान शिव देवघर में बाबा वैद्यनाथ बनकर अपने भक्तों का दुःख हर लेते है उसी प्रकार भगवान शिव का महा मृत्युंजय रूपी कवच भी भक्तों को काल और मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाता है। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### जीमेल के छिपे हुए फीचर्स से अपने काम को करें आसान

जीमेल में स्निपेट्स का उपयोग करके आप अपने ईमेल में सामान्य टेक्स्ट के प्री-फॉमेर्टेड ब्लॉक को एक क्लिक में इन्सर्ट कर सकते हैं। यह आपको समय बचाने में मदद करता है और आपके जवाब को पेशेवर बनाने में सहायक होता है।



**डीलेट को रोकें :** कभी-कभी हमें भेजे गये ईमेल में गलती का एहसास होता है। जीमेल के 'डीलेट को रोकें' फीचर का उपयोग करके, आप अपने भेजे गये ईमेल को वापस खींच सकते हैं और गलती को सुधार सकते हैं।

**स्कीम्स :** जीमेल के स्कीम्स फीचर का उपयोग करके, आप अपने ईमेल को निर्धारित समय तक स्नूज कर सकते हैं। यह आपको एक अनुसूचित समय पर वापस आने का समय देता है, जिससे आप अपने ईमेल को बाद में देख सकते हैं।

**स्टार्ड मेल :** जीमेल में स्टार्ड मेल का उपयोग करके, आप अपने महत्वपूर्ण ईमेल को एक स्टार के माध्यम से चिह्नित कर सकते हैं। इससे आप अपने महत्वपूर्ण संदेशों को आसानी से पहचान सकते हैं और उन्हें बाद में आसानी से खोज सकते हैं।

**ईमेल टेम्प्लेट्स**

यदि आपको बार-बार एक ही प्रकार के ईमेल भेजने की आवश्यकता है, तो जीमेल के टेम्प्लेट फीचर का उपयोग करके, आप प्री-फॉमेर्टेड ईमेल टेम्प्लेट्स तैयार कर सकते हैं। इससे आपका समय बचता है और आप बिना किसी ज्यादा कठिनाई के बड़े ग्रुप को ईमेल भेज सकते हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कांग्रेस का दावा इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर जो कहा था, वह सच निकला



एजेंसी। नई दिल्ली

राजनीतिक दलों को चंदा कैसे मिलेगा, इसको लेकर इलेक्टोरल बॉन्ड योजना शुरू की गई थी। उस चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत की तरफ से यह फैसला सुनाया गया। अब कांग्रेस इसको लेकर दावा कर रही है कि वह पहले से ही इस योजना का विरोध कर रही थी और अब वह सच साबित हुआ है। अब सरकार के द्वारा जारी इस चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द करने के फैसले का कांग्रेस ने स्वागत किया है। कांग्रेस ने दावा किया कि 2017 में चुनावी बॉन्ड को लाए जाने के सबसे पहले विरोध किया गया था। संसद के भीतर और बाहर भी कांग्रेस पार्टी इस योजना का विरोध करती रही। कांग्रेस की तरफ से पार्टी के 2019 के घोषणापत्र का जिक्र किया गया और लिखा गया कि इस योजना को खत्म करना का तब ही हम इरादा रखते थे। कांग्रेस की तरफ से दावा किया गया है कि यह योजना कुछ और नहीं बल्कि भाजपा के द्वारा खजाना भरने के लिए एक योजना थी।

- पहला यह योजना असंवैधानिक है, ऐसा उपाय जो मतदाताओं से यह छुपाता है कि राजनीतिक दलों को कैसे मालामाल बनाता है, लोकतंत्र में उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इस प्रकार, यह सीधे तौर पर संविधान के अनुच्छेद 19(1) (ए) का उल्लंघन करता है।
- दूसरा, सरकार का यह दावा कि उसने काले धन पर अंकुश लगाया, बिल्कुल बेबुनियाद व निराधार था। दरअसल, आरटीआई के प्रावधानों के बिना इस योजना को लागू करके वह काल-धन को सफेद करने को बढ़ावा दे रही थी।
- तीसरा, वित्तीय व्यवस्था राजनीतिक दलों के बीच पारस्परिक आदान-प्रदान का कारण बन सकती है।

कांग्रेस ने इसके साथ ही भाजपा से सवाल किया है कि क्या वह सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करेंगे या फिर फैसले के खिलाफ कोई अध्यादेश लाएंगे? सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपना बयान जारी करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मीडिया को संबोधित कर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की चुनावी बॉन्ड योजना कुछ और नहीं, बल्कि भाजपा द्वारा अपना खजाना भरने के लिए, बनाई गई एक 'काला-धन-सफेद-करो योजना' थी। पवन खेड़ा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आज उन्हीं भावनाओं को दोहराया जो मैंने और मेरे सहयोगियों ने, ऑन रिकॉर्ड बार-बार व्यक्त की हैं।

## इलेक्टोरल बॉन्ड योजना

बता दें कि इलेक्टोरल बॉन्ड योजना की केंद्र सरकार की तरफ से 2017 में घोषणा की गई थी। जिसे सरकार ने 29 जनवरी 2018 को लागू कर दिया था। यह इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक दलों को चंदा देने का एक वित्तीय जरिया है। जिसके जरिए कोई भी आदमी अपने पसंदीदा राजनीतिक दल को गुमनाम तरीके से चंदा दे सकता है।

## पार्टी ने सात साल तक लड़ी लड़ाई : रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक प्रेस बयान में संसद के अंदर और बाहर 'दमनकारी और कॉर्पोरेट-कृत' योजना के खिलाफ अपनी सात साल की लंबी लड़ाई के बारे में बताया और कहा कि वह स्पष्ट शब्दों में बॉन्ड योजना की निंदा करने वाली पहली पार्टी थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है। भाजपा ने चुनावी बॉन्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गई। कांग्रेस संचार प्रभारी जयराम रमेश ने भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का

## रजिस्ट्रार को मिली धमकी के बाद दिल्ली हाई कोर्ट समेत सभी निचली अदालतों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को ई-मेल के जरिए मिली धमकी के बाद हाई कोर्ट समेत दिल्ली की सभी निचली अदालतों में सुरक्षा के प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं। दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन समेत कुछ निचली अदालतों की बार एसोसिएशन ने वकीलों को संदेश भेजकर सुरक्षा जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है। इसी तरह कड़कड़डूमा कोर्ट के बार एसोसिएशन शाहदरा बार एसोसिएशन के सचिव रमन शर्मा ने भी संदेश भेजा है और सभी वकीलों से सुरक्षा जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है। साकेत कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वकील कामोद कुमार यादव ने भी पुष्टि करते हुए कहा है कि बार एसोसिएशन ने सुरक्षा जांच में सहयोग करने को कहा है।

## बम की धमकी के बाद दिल्ली हाई कोर्ट में सुरक्षा कड़ी की गई

**नई दिल्ली।** अदालत के अधिकारियों को एक धमकी भरे ईमेल के बाद गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई। ईमेल में परिसर में संभावित बम विस्फोट की चेतावनी दी गई थी। अदालत के रजिस्ट्रार जनरल को बुधवार देर रात एक ईमेल मिला। इसमें गुरुवार को एक बड़े बम विस्फोट₹ की चेतावनी दी गई थी। अदालत के अधिकारियों को संबोधित ईमेल में कहा गया है, 15/2/2024 को मैं एक बम विस्फोट करूंगा, मेरे शब्दों पर ध्यान दें। यह धमाका दिल्ली में सबसे बड़ा होगा. इसे गंभीरता से लें। यथासंभव सुरक्षा तैनात करें और सभी मंत्रियों को एक साथ बुलाएँ; हम एक साथ फूंक मारेंगे।" गुरुवार को कोर्ट में सिक्युरिटी ड्रिल किये गये। ईमेल की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## गोवा के मुख्यमंत्री ने अपनी पूरी कैबिनेट के साथ किये रामलला के दर्शन



एजेंसी। अयोध्या

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत गुरुवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ अयोध्या पहुंचे। इस दौरान सभी ने रामलला के दर्शन पूजन किये। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रामलला के दर्शन करने के लिए कैबिनेट के साथ अयोध्या आया हूं। केंद्रीय मंत्री और स्पीकर भी उनके साथ हैं।

आज मन बहुत प्रसन्न है। मैं अपने आप को बहुत खुशनसीब समझता हूं कि रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या में हूं। सावंत ने कहा कि गोवा की तरफ से मैं रामलला का दर्शन कर रहा हूं। हमारे साथ गोवा से ट्रेन से 2,000 श्रद्धालु आए हैं। मुख्यमंत्री देव दर्शन से अयोध्या को भी जोड़ा जायेगा।

जिससे हर गोवावासी को अयोध्या के दर्शन हो जाएं। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार ने अगर अयोध्या में भूमि दी तो गोवा भवन बनवाएंगे। पीएम मोदी का अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने यह मौका दिया है। अयोध्या का राम मंदिर नहीं, बल्कि यह राष्ट्र का मंदिर है। केंद्रीय मंत्री पज्जे नायक भी आए हैं। वह कारसेवक रह चुके हैं। अयोध्या में उन्होंने दो बार कारसेवा की है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच भाजपा विधायक संदेशखाली रवाना



एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में गुरुवार सुबह से ही कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था है। सुरक्षा घेरे का एक कारण भाजपा विधायकों का संकटग्रस्त क्षेत्र का प्रस्तावित दौरा है, तो दूसरा कारण उन पांच महिलाओं के खिलाफ कथित पुलिस कार्रवाई है, जिन्होंने फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों के हाथों यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें आने के बाद क्षेत्र में नए सिरे से तनाव पैदा हो गया कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मीडिया से यौन उत्पीड़न की शिकायत करने वाली पांच महिलाओं को पुलिस ने जबरन उठा लिया।

भाजपा के आईटी सेल प्रमुख और पश्चिम बंगाल के पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, संदेशखाली की महिलाएं, जिन्होंने मीडिया और राज्यपाल के सामने क्षेत्र में शाहजहां शेख और उनके लोगों के अत्याचार के बारे में शिकायत की थी, उन्हें पश्चिम बंगाल पुलिस जबरन ले गई है। हमारे पास सभी विवरण हैं और हम सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें कानूनी सुरक्षा मिले। लेकिन ममता बनर्जी कहां हैं? वह पश्चिम बंगाल पुलिस के पीछे क्यों छिप रही है? और मौकों पर अस्थिर ममता चुप हो गई हैं। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ एक वीडियो भी संलग्न किया, जिसमें एक पुलिस अधिकारी को कुछ महिलाओं से बात करते देखा जा सकता है।

सूचना फैलते ही इलाके में फिर से तनाव पैदा हो गया। हालांकि जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए है और एक भी अधिकारी भाजपा नेता की जानकारी की पुष्टि या खंडन करने के लिए आगे नहीं आया। इस बीच, तीन अन्य भाजपा विधायकों के साथ कोलकाता से संदेशखाली के लिए रवाना होने से पहले, विपक्ष के नेता (एलओपी) सुवेंदु अधिकारी ने मीडियाकर्मियों से कहा कि वे यौन उत्पीड़न की शिकायत करने वाली महिलाओं के साथ-साथ स्थानीय परिवार के सदस्यों से भी बात करने की कोशिश करेंगे।

## पश्चिम बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार अब भी आईसीयू में



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के ताकी में बुधवार को पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प में फंसने के बाद बीमार भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार अब भी आईसीयू में हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा, सुकांत मजूमदार कोलकाता के एक निजी अस्पताल में सलाइन सपोर्ट के तहत आईसीयू में हैं। उन्हें उल्टी आ रही है। उन्हें पूरी तरह से ठीक होने के लिए कुछ समय आराम करने की जरूरत है।

## अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा से नामांकन दाखिल किया



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बीजेपी उम्मीदवार के रूप में ओडिशा से राज्यसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के दौरान राज्य भाजपा प्रमुख मनमोहन सामल, वरिष्ठ नेता पीतांबर आचार्य और अन्य उपस्थित थे। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा ओडिशा की जनता का दोबारा सेवा करने का मौका मुझे दिया गया है। इसके लिए मैं बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करता हूं। मैं भगवान जगन्नाथ और राम से प्रार्थना करता हूं कि वे मुझे राज्य की सेवा करने और ओडिशा को एक विकसित राज्य बनाने के मोदीजी के सपने को पूरा करने की शक्ति प्रदान करें। 2019 के विपरीत, इस बार विधानसभा में वैष्णव के नामांकन दाखिल करने के दौरान सत्तारूढ़ बीजू जनता दल के नेता अनुपस्थित रहे। वैष्णव ने न तो बीजद या मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बारे में कुछ कहा और न ही उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया।

## एनआईए ने नौ स्थानों पर की छापेमारी, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) टीम द्वारा गुरुवार को इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) छत्रपति संभाजी नगर मॉड्यूल मामले में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान एक आरोपित को एनआईए की टीम ने गिरफ्तार भी कर लिया है। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की साजिश मामले में एनआईए की यह छापेमारी जारी है। एनआईए प्रवक्ता के मुताबिक महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में नौ स्थानों पर विभिन्न संदिग्धों के घरों पर छापेमारी की गई, जिसमें मामले से संबंधित कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और आपत्तिजनक दस्तावेज आदि जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान मोहम्मद जोहेब खान नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि मोहम्मद आईएसआईएस मॉड्यूल का सदस्य होने के साथ-साथ कई प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की साजिश में शामिल था। एनआईए की जांच के अनुसार आरोपित और अन्य संदिग्ध देश और विदेश में वैश्विक आतंकी नेटवर्क की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए अपने विदेशों में बैठे आकाओं के साथ लगातार संपर्क में थे। वे हिंसक जिहाद और सीरिया में हिजरत से संबंधित सामग्रियों के साथ-साथ बयाथ (चर्चा) के आपत्तिजनक वीडियो साझा कर रहे थे।

# रायबरेली की जनता को सोनिया गांधी ने पत्र लिखकर जताया आभार



एजेंसी। नई दिल्ली

राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के एक दिन बाद गुरुवार को कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली की जनता के प्रति आभार जताया है।

सोनिया ने कहा कि वह बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य कारणों के चलते अब लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। सोनिया ने पत्र में लिखा कि रायबरेली के मेरे स्नेही परिवारजन, मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों से मिलकर पूरा होता है। यह नेह-नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फीरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। उन्होंने लिखा कि इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। सोनिया ने लिखा कि अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते वह अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी।

इस निर्णय के बाद उन्हें सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन यह तय है कि उनका मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा। मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे जैसे अब तक संभालते आये हैं। बड़ों को प्रणाम। छोटों को स्नेह, जल्द मिलने का वादा।

# फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 'इंडिया' को दिया झटका



एजेंसी। पटना

नई दिल्ली, 15 फरवरी (आईएएनएस)। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका देते हुए फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने गुरुवार को आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान किया। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर में संसदीय या विधानसभा चुनाव में किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी। इस घोषणा ने जम्मू-कश्मीर (चार सीटें) और लद्दाख (एक सीट) में एनसी और कांग्रेस के बीच सीट-बंटवारे की सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। विशेष रूप से, नेकां इंडिया गठबंधन का एक प्रमुख घटक रहा है और इसके अस्सी वर्षीय नेता फारूक अब्दुल्ला ने पिछले कुछ महीनों में गठबंधन सहयोगियों के साथ भाजपा को रिकॉर्ड तीसरी बार सत्ता में आने में बाधा डालने के लिए रैली की थी। यूपीए 1 और यूपीए 2 सरकार की सूत्रधार सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव को अलविदा कहने के बाद कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को भी एक तरह का झटका लगा है। पार्टी की दिल्ली इकाई 'दयनीय' स्थिति में दिख रही है और (नरेंद्र) मोदी को चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। इसका सबूत इस बात से है कि कभी दिल्ली कांग्रेस का चेहरा रहे अजय माकन को कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा गया है। अकेले चुनाव लड़ने की एनसी की घोषणा कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए एक और 'प्रत्यक्ष' झटका है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई ने पहले ही इस आधार पर कांग्रेस का साथ छोड़ दिया है कि यदि 'कमजोर और कमजोर' पार्टी उनके गढ़ों से उम्मीदवार उतारती है, तो यह भाजपा की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की तुलना में विपक्ष को अधिक नुकसान पहुंचाएगी।

## महाराष्ट्र के छह राज्यसभा उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया

**मुंबई।** सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के पांच और विपक्षी कांग्रेस के एक उम्मीदवार सहित कुल छह उम्मीदवारों ने गुरुवार को आगामी राज्यसभा द्विवार्षिक चुनावों के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अशोक एस चव्हाण, डॉ मेधा कुलकर्णी और डॉ. अजीत गोपछड़े (भारतीय जनता पार्टी), प्रफुल्ल एम पटेल (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-अजीत पवार गुट) और मिलिंद एम देवड़ा (शिवसेना-शिंदे गुट), सभी सत्तारूढ़ महायुति से हैं। विपक्षी महाविकास अघाड़ी के एकमात्र कांग्रेस उम्मीदवार और दलित नेता चंद्रकांत डी. हंडोरे ने भी अपना नामांकन पत्र जमा किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले की घोषणा के साथ, छह सीटों पर चुनाव निर्विरोध होने की संभावना है। गुरुवार को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख रही और अगर जरूरी हुआ तो 27 फरवरी को मतदान होगा। वर्तमान में, सभी दलों के पास छह उम्मीदवारों की निर्विरोध जीत सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कोटा है।

## लालू और नीतीश के बीच हुई मुलाकात, दोनों ने पूछे हालचाल



एजेंसी। पटना

नीतीश कुमार के महागठबंधन को छोड़कर एनडीए के साथ आने के बाद गुरुवार को पहली बार राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने इस दौरान एक-दूसरे का हालचाल जाना। दरअसल, लालू प्रसाद विधानसभा में प्रवेश कर रहे थे और नीतीश कुमार सदन से आवास जाने के लिए निकल रहे थे। प्रवेश द्वार पर ही दोनों नेताओं की मुलाकात हो गई। नीतीश ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया।

लालू प्रसाद के साथ उनके पुत्र तेजस्वी यादव भी थे। इसके बाद मुख्यमंत्री और लालू प्रसाद अलग-अलग आगे बढ़ गए। लालू प्रसाद राजद के राज्यसभा चुनाव के प्रत्याशी मनोज कुमार झा और संजय यादव का नामांकन दाखिल करवाने विधानसभा पहुंचे थे। इसके बाद राजद के दोनों प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव को लेकर नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर लालू प्रसाद के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे।

## गोरे रंग वाली बाहरी महिलाएं कर रही हैं विरोध

**कोलकाता।** संदेशखाली मामले को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना बढ़ने के साथ ही सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के एक वर्ग ने महिलाओं के विरोध-प्रदर्शन को सहज की बजाय आयोजित बताया है। तृणमूल नेता महिला प्रदर्शनकारियों को बाहरी बता रहे हैं, और इस सिद्धांत को स्थापित करने के लिए उनके रंग को आधार के रूप में पेश किया जा रहा है।

## किसानों का प्रदर्शन : हरियाणा के बाद पंजाब के कुछ इलाकों में भी दूरसंचार सेवाएं प्रभावित

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने किसान यूनियनों के भारत बंद के आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब के शुतराना, खनौरी और फतेहगढ़ साहिब में दूरसंचार सेवाओं को निलंबित करने का आदेश दिया है। इससे पहले, पड़ोसी राज्य हरियाणा में, अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, जिंद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा जिलों के अधिकार क्षेत्र में वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, बल्क एसएमएस और मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाएं गुरुवार तक निलंबित कर दी गई थीं। पंजाब-हरियाणा सीमा पर आंदोलनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच चल रहे गतिरोध के बीच तीन केंद्रीय मंत्रियों का एक दल अगले दौर की वार्ता के लिए गुरुवार शाम चंडीगढ़ में प्रदर्शनकारी किसान नेताओं के साथ बैठक करेगा। दोनों पक्षों के बीच यह तीसरे दौर की बातचीत होगी। इससे पहले 8 और 12 फरवरी को हुई पिछली दो दौर की बातचीत बेनतीजा रही थी। पंजाब के किसान पंजाब और हरियाणा की शंभू और खनौरी सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं और केंद्र पर अपनी मांगें मानने के लिए दबाव बनाने के लिए दिल्ली की ओर मार्च करना चाहते हैं। किसान नेताओं ने कहा कि बैठक होने तक वे राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ने का कोई नया प्रयास नहीं करेंगे।

# संजय सेठ को रास का उम्मीदवार बना भाजपा ने किया 'खेला'

नई दिल्ली

राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकन पर्चा भरा। दरअसल, भाजपा ने राज्यसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले चुनाव में अपना आठवां प्रत्याशी उतारकर मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। इससे पहले बुधवार को भाजपा के सात उम्मीदवारों ने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। वहीं समाजवादी पार्टी के तीन प्रत्याशियों ने मंगलवार को अपना नामांकन पर्चा भरा था। दिलचस्प बात यह है कि संजय सेठ पहले सपा में थे। सपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा था। लेकिन, फिर वह भाजपा में शामिल हो गए और राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था।

यूपी से कुल 10 प्रत्याशी मैदान में थे। यूपी कोटे की राज्यसभा की 10 सीटें खाली हुईं थीं, ऐसे में वोटिंग की जरूरत नहीं थी। लेकिन, अचानक भाजपा ने संजय सेठ को अपना उम्मीदवार बना दिया है, जिसके बाद अब वोटिंग की जरूरत है। अगर आंकड़े पर नजर डालें तो, भाजपा को आठवें प्रत्याशी को जिताने के लिए आठ विधायकों के वोट की जरूरत पड़ेगी। आरएलडी विधायकों को मिलाकर एनडीए के पास 288 वोटों का आंकड़ा है। जबकि, सपा को तीसरे प्रत्याशी को जिताने के लिए एक अतिरिक्त विधायक के वोट की जरूरत है, लेकिन सपा के दो विधायक जेल में कैद हैं। वहीं, पल्लवी पटेल बागी रूख अपना चुकी हैं, सपा-कांग्रेस को मिलाकर 110 विधायक हैं। ऐसे में सपा को चार अतिरिक्त वोट की जरूरत पड़ेगी। एक राज्यसभा सीट जीतने के लिए प्रत्याशी को 37 विधायकों के वोट की जरूरत है। एनडीए के पास 279 सीटें हैं, आरएलडी के 9 मिलाकर कुल आंकड़ा 288 का बनता है। सपा और कांग्रेस को मिलाकर 110 और बहुजन समाजवादी पार्टी के पास एक विधायक है। चार सीटें ऐसी हैं, जिस पर कोई विधायक नहीं यानी वो सीटें खाली हैं। ऐसे में भाजपा को एक सीट के लिए आठ विधायकों के समर्थन की जरूरत है, जिसको लेकर क्रॉस वोटिंग होने के ज्यादा आसार हैं।

## कैसे बिगड़ेगा वोटों का समीकरण?



# हमने इंसेफेलाइटिस का चरम भी देखा और उन्मूलन भी : योगी आदित्यनाथ



एजेंसी। गोरखपुर

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन के शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस इंसेफेलाइटिस से हर साल 1,200 से 1,500 मौतें होती थी, आज उसे पूरी तरह कंट्रोल करते हुए हम लोग मासूम बच्चों को बचाने में सफल हुए हैं। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण के सफलतम मॉडल का केंद्र बिंदु बीआरडी मेडिकल कॉलेज बना क्योंकि सबसे ज्यादा बोझ इसी पर रहता था। हमने इंसेफेलाइटिस का चरम भी देखा है और आज उसे समाप्त होते भी देख रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 1977-78 से लेकर 2017 तक इंसेफेलाइटिस को समाप्त करने के बारे में सरकारें सोचती तक नहीं थी। 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर मैंने इसके उन्मूलन के बारे में मॉडल तैयार करने पर विचार किया। इसी सिलसिले में कुशीनगर मुसहरों के बीच जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्हें स्वच्छता के तरीके समझाए, साबुन के प्रयोग की जानकारी दी। मीडिया में हंसी उड़ाई गई कि एक मुख्यमंत्री गरीबों को साबुन बांट रहा है। जब कोरोना आया तो ट्रायल करने वाले मीडिया के साथियों को भी साबुन और स्वच्छता की बात समझ में आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता पर ध्यान कई बीमारियों का समाधान है। इसे इंसेफेलाइटिस समाप्त करने की दिशा में मिशन मोड में बढ़ाया गया तो परिणाम सामने आया।

सीएम योगी ने कहा कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज का अपना गौरवशाली इतिहास है। इस मेडिकल कॉलेज ने अनेक उतार-चढ़ाव भी देखे हैं। वह भी दौर देखा है, जब यह पूर्वी यूपी के स्वास्थ्य का एकमात्र केंद्र हुआ करता था और वह भी संसाधनों के अभाव से जूझता था। न डॉक्टर थे, न पैरामेडिक्स थे, न नर्सिंग स्टाफ था और न अन्य कार्यों के लिए जरूरी मैनपावर।

## राजस्थान के 88 हजार स्कूलों के 1.14 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार कर बनाया विश्व कीर्तिमान

**जयपुर।** सूर्य सप्तमी के अवसर पर राजस्थान के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में गुरुवार को आयोजित सूर्य नमस्कार के सामूहिक अभ्यास कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित 1.33 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस विश्व रिकॉर्ड को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के राजस्थान एडिशन द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस विशिष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सफल बनाने में सहभागिता निभाने वाले प्रदेश के स्कूलों के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, संस्था प्रधानों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों का आभार जताया है।

## इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारत ने 5 विकेट खोकर बनाए 326 रन

# रोहित-जडेजा के शतक, 'डेब्यू मैन' सरफराज की फिफ्टी

**राजकोट (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा व रवींद्र जडेजा की शतकीय पारियों और सरफराज खान के डेब्यू टेस्ट में अर्धशतक के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 5 विकेट खोकर 326 रन बनाए। स्टंप्स के समय रवींद्र जडेजा 110 और कुलदीप यादव 1 रन बनाकर नॉटआउट रहे। इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड ने तीन विकेट लिए। रोहित और जडेजा ने चौथे विकेट के लिए 204 रन की पार्टनरशिप की। यह इस सीरीज में भारत की ओर से हुई पहली सेंचुरी पार्टनरशिप है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 3 विकेट सिर्फ 33 रन के स्कोर पर गिर गए। यशस्वी जायसवाल (10), शुभमन गिल (0) और रजत पाटीदार (5) सस्ते में पवेलियन लौट गए। इसके बाद रोहित ने नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने उतरे रवींद्र जडेजा के साथ 204 रन की पार्टनरशिप कर भारतीय पारी को संभाला। रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 3 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 70 मैचों की 102 इनिंग्स में 3 हजार रन पूरे किए। इस दौरान उन्होंने 20 अर्धशतक और 4 शतक लगाए। वहीं अपना पहला टेस्ट खेल रहे सरफराज खान अर्धशतक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्क वुड ने डायरेक्ट हिट कर रन आउट किया। सरफराज 66 बॉल पर 62 रन बनाए। रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के बीच 204 रन की साझेदारी हुई। यह साझेदारी रोहित के विकेट के साथ टूटी। रोहित 131 रन बनाकर मार्क वुड का शिकार बने। वहीं रोहित शर्मा ने रेहान अहमद के खिलाफ 2 रन लेकर अपनी सेंचुरी पूरी की। उन्होंने टेस्ट करियर में 11वां शतक लगाया। इंग्लैंड के खिलाफ यह उनका तीसरा शतक रहा। रोहित इंग्लिश टीम के खिलाफ 12 मुकाबलों में 3 फिफ्टी भी लगा चुके हैं। भारत में उन्होंने 9वां शतक लगाया।

### सरफराज खान के पिता भावुक हो गए, सपना सच होते ही बेटे की टेस्ट कैप चूम ली



**राजकोट (एजेंसी)।** भारत बनाम इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट की शुरुआत से पहले राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में भावनात्मक दृश्य सामने आया जब दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज खान ने टेस्ट कैप दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले से प्राप्त की। राजकोट में जैसे ही कुंबले ने सरफराज को टेस्ट कैप सौंपी, उनके पिता-सह-कोच नौशाद खान अपनी आंखों के सामने उभरते दृश्यों को देखकर भावुक हो गए। इसके बाद विजुअल्स में सरफराज को अपने पिता और पत्नी को दिखाने के लिए अपनी टेस्ट कैप के साथ सीमा रेखा के पार दौड़ते हुए दिखाया गया, जो किनारे से कार्यवाही देख रहे थे। जैकेट के पीछे 'क्रिकेट हर किसी का खेल है' लिखा हुआ था, नौशाद की आंखों में आंसू थे और गर्व महसूस कर रहे। नौशाद ने खुशी से उन्हें गले लगाया और टेस्ट कैप पर भारतीय बैज को चूमा, जबकि सरफराज अपनी पत्नी की आंखों से आंसू पोंछ रहे थे। सरफराज खान पिछले कुछ वर्षों में घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए काफी रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं और हाल ही में उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ सीरीज में भारत 'ए' के लिए भी बड़े रन बनाए।

### रोहित शर्मा ने किसी भारतीय द्वारा दूसरे सबसे अधिक टेस्ट छक्के लगाने के धोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा



**राजकोट (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन के दौरान टेस्ट क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा लगाए गए दूसरे सबसे ज्यादा छक्कों के मामले में महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया। पारी का दूसरा छक्का लगाकर रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में धोनी के 78 छक्कों की संख्या को पीछे छोड़ दिया, जिससे उनके कुल छक्कों की संख्या 79 हो गई। अपने नाम 91 छक्कों के साथ, पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के नाम टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। रोहित ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपना 11वां टेस्ट शतक जमाया। 11 चौकों और दो गगनचुंबी छक्कों वाली एक प्रभावशाली पारी के साथ, उनका शतक सिर्फ 157 गेंदों पर पूरा हुआ। रोहित की पारी विशेष रूप से सराहनीय थी क्योंकि खेल के पहले घंटे में भारत को शुरूआती झटके लगने के बाद वह मजबूती से खड़े रहे। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और रजत पाटीदार के आउट होने से भारत की पारी पटरी से उतरने का खतरा था, लेकिन रोहित की लचीली पारी ने टीम को स्थिरता और गति प्रदान की।

### इंग्लैंड का 'बैजबॉल' दृष्टिकोण 'अतिरिक्त जोखिम के साथ आता है' : सहवाग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की आक्रामक शैली की प्रशंसा की, जिसे अक्सर 'बैजबॉल' कहा जाता है और बिजाग में भारत-इंग्लैंड दूसरे टेस्ट का उदाहरण देते हुए तर्क दिया कि यह अतिरिक्त जोखिम के साथ आता है। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, ऐसे में दोनों टीमों की नजर गुरुवार को राजकोट में होने वाले तीसरे टेस्ट को जीतकर शुरूआती बढ़त बनाने पर है। सहवाग ने श्रृंखला में इंग्लैंड के दृष्टिकोण पर जोर दिया और जिस तरह से उन्होंने उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में गेंदबाजी की, उससे वे काफी प्रभावित दिखे। इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर हार्टले ने अपने पहले टेस्ट मैच में भारत के खिलाफ पहले मैच में नौ विकेट लेकर अपनी टीम को 28 रन से जीत दिलाई। जायसवाल के दोहरे शतक और शुभमन गिल के शतक के दम पर भारत ने दूसरा मैच 108 रन से जीत लिया। सहवाग ने एक आभासी बातचीत में 'आईएएनएस' से कहा, 'श्रृंखला बेहद प्रतिस्पर्धात्मक है, दोनों टीमें संतुलित दिख रही हैं और बल्लेबाज और गेंदबाज अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा रहे हैं। भारत ने शुरुआती झटके के बाद दूसरे टेस्ट में वापसी की, टेस्ट क्रिकेट यही है। खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने का हर मौका मिलता है और यह प्रतिस्पर्धा है जो आपको ऐसा करने के लिए मजबूर करती है। पहले टेस्ट में, हमने इंग्लैंड के युवा डेब्यूटेंट टॉम हार्टले का प्रदर्शन देखा और अगले ही मैच में, यशस्वी जयसवाल ने दोहरा शतक बनाया। टेस्ट क्रिकेट आपको यही देता है, आपको इसे हासिल करने की जरूरत है यह दोनों हाथों से है।'

### हम ड्रेसिंग रूम में 'बैजबॉल' के बारे में चर्चा नहीं करते : जायसवाल




**राजकोट (एजेंसी)।** भारत के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टीम मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला के दौरान ड्रेसिंग रूम में इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट खेलने की 'बैजबॉल' शैली के बारे में चर्चा नहीं करती है। यशस्वी जायसवाल ने ब्रॉडकास्टर्स जियो सिनेमा से कहा, 'हम इस पर चर्चा नहीं करते हैं। हम सिर्फ इस पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि हम क्या कर सकते हैं। हमें किन प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए और हम फील्डिंग में अपनी टीम के लिए कैसे योगदान दे सकते हैं।'' भारत के कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक मजबूत सलामी जोड़ी बनाने के बारे में पूछे जाने पर जयसवाल ने कहा: उनके साथ खेलना सम्मान और खुशी की बात है। मैं उनसे बहुत कुछ सीख रहा हूं। उनके पास जाना और सवाल पूछना वास्तव में अच्छा है। भले ही सवाल ज्यादा सही न हो, फिर भी वह अच्छी सलाह देते हैं। कभी-कभी जब आपके मन में बहुत सारे सवाल होते हैं, तो उनके पास जाना और उनकी सलाह लेना वास्तव में अच्छा होता है।

## आईएसएल : पूरे अंक अर्जित करने के लिए भिड़ेंगे पंजाब एफसी और जमशेदपुर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब एफसी की टीम आज शाम नई दिल्ली स्थित अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में जमशेदपुर एफसी की मेजबानी करेगी, तो उसका लक्ष्य लगातार तीसरा मैच जीतने का होगा। ब्रेक के बाद पिछले महीने के अंत में लीग की फिर से शुरूआत होने के बाद से आईएसएल में पदार्पण करने वाली टीम मजबूत ताकत के रूप में उभरी है। उन्होंने शनिवार को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स एफसी पर 3-1 से जीत हासिल करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, और स्ट्राइकर विल्मर जॉर्डन गिल के आक्रमण में उतरने से पंजाब एफसी को काफी मजबूती मिली है। गिल, मदीह तलाल और लुका माजसेन की तिकड़ी ने अग्रिम पंक्ति में उल्लेखनीय साझेदारी बनाई है, जिससे पंजाब एफसी को बॉक्स के अंदर रचनात्मकता और सटीक दक्षता के सुंदर मिश्रण से विपक्षी टीम पर हावी होने में मदद मिली है। इसी तरह, जब से रणनीतिकार खालिद जमील ने कमान संभाली है, तब से जमशेदपुर एफसी भी एक बेहतर इकाई बनकर उभरी है। उनकी देखरेख में रेड माइनर्स ने आईएसएल सीजन के मध्यांतर के बाद से अपने तीन मैचों में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और बेंगलुरू एफसी के साथ ड्रा खेला और मुम्बई सिटी एफसी के घर में जीत हासिल की है। एक मजबूत बैक-लाइन, तेज-तर्रार विंगर्स और गोल करने वाले फॉरवर्डों के साथ, जमशेदपुर एफसी ने अपने अभियान में सुधार किया है और शीर्ष छह में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को बढ़ा दिया है। पंजाब एफसी के ग्रीक हेड कोच स्टाइकोस वेरगेटिस ने बुधवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं परिणामों से संतुष्ट नहीं हूं, बल्कि इस तथ्य से खुश हूं कि हमारे खिलाड़ियों ने मैच में योजनाओं पर अच्छी तरह से अमल किया।

## पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट 19 से

# प्रोफेसर बलराम पाणि करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दसवें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन 19 से 26 फरवरी, 2024 तक पुरुष और महिला वर्ग में किया जाएगा। मेजबान श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर रबि नारायण कर के अनुसार मुख्य अतिथि दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन, कॉलेजेज, प्रोफेसर बलराम पाणि टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को सुबह 10.30 बजे श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ सविता गुप्ता भी मौजूद रहेंगी। प्रोफेसर बलराम पाणि जाने माने शिक्षाविद होने के साथ खेल प्रेमी भी हैं और दिल्ली



यूनिवर्सिटी के विभिन्न कॉलेजों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान छात्र छात्राओं का उत्साह बढ़ाने के लिए उपस्थित रहते हैं। श्याम लाल कॉलेज खेलों को बढ़ावा देने में हमेशा आगे रहता है और इसमें कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ सविता गुप्ता और प्रधानाचार्य प्रोफेसर रबि नारायण कर का मार्गदर्शन शिक्षकों और विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने का काम करता है। खेल समिति के संयोजक वी एस जग्गी ने बताया कि पुरुष वर्ग में आठ टीमें लीग और नॉकआउट आधार पर तथा महिला वर्ग में पांच टीमें राउंड रॉबिन लीग आधार पर खेलेंगी। शीर्ष पर रहने वाली दो टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में मेजबान श्याम लाल कॉलेज की टीम मजबूत दावेदार होगी। उसने हाल ही में दिल्ली ओलंपिक गेम्स 2024 में पुरुष वर्ग का हॉकी खिताब जीता है।अंतर कॉलेज हॉकी प्रतियोगिता में भी उसका दबदबा रहता है।

### निक नाइट ने जडेजा की जमकर तारीफ की

**राजकोट (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने रवींद्र जडेजा की जमकर तारीफ की और उन्हें टेस्ट क्रिकेट के लिए अपनी विश्व प्लेइंग-11 में शामिल करने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया में भारतीय ऑलराउंडर जितने अच्छे खिलाड़ी नहीं हैं। राजकोट में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के पहले दिन जडेजा अपने शानदार बल्लेबाजी कौशल का प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम के लिए संकटमोचक बनकर उभरे। ऐसे नाजुक समय में जब भारत 3 विकेट पर 33 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। उस समय बल्लेबाजी करने आए, जडेजा ने संयम बनाए रखते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा के साथ शतकीय साझेदारी में अपना 21वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। निक नाइट ने स्पोर्ट्स18 को बताया, 'मेरा मानना है कि जडेजा मेरी विश्व प्लेइंग-11 में शुरूआती पसंदों में से एक हैं। वह आपको सबकुछ देते हैं, वह टीम को जो संतुलन देते हैं। इसके अलावा उनके अन्य कौशल, उनकी फील्डिंग के कारण, यहां तक कि टेस्ट में भी वह शानदार कैच लेते हैं। मुझे नहीं लगता कि दुनिया में उनके जैसे खिलाड़ी बहुत ज्यादा हैं।'

### एमबाप्पे, बारकोला ने पीएसजी को रियल सोसिदाद पर दिलाई जीत



**पेरिस (एजेंसी)।** किलियन एम्बाप्पे और ब्रैडली बारकोला ने दूसरे हाफ में गोल करके पेरिस सेंट-जर्मेन को चैंपियंस लीग राउंड ऑफ 16 मुकाबले के पहले चरण में रियल सोसिदाद पर 2-0 से शानदार जीत दिलाई। बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में पहले पहले 45 मिनट गोलरहित रहे, जिसमें पीएसजी ने कुल चार शॉट दर्ज किए और रियल सोसिदाद ने कुल पांच शॉट दर्ज किए। दूसरे हाफ में पीएसजी ने तेजी दिखाई और लगातार अटैक किया। अंतिम 45 मिनट में पेरिस के पास कुल दस शॉट थे और आखिरकार इस दौरान उन्होंने गोल दागे। एमबाप्पे ने कॉर्नर किक पर 58वें मिनट में स्कोरिंग की शुरूआत की। कुछ मिनट बाद, ब्रैडली बारकोला ने 78वें मिनट मैच का दूसरा गोल किया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि पीएसजी 2-0 की कुल बढ़त के साथ दूसरे चरण में प्रवेश करेगा। दोनों पक्षों के बीच निर्णायक दूसरा चरण 5 मार्च को निर्धारित है।

### कतर ओपन से हटे नडाल ने कहा: 'प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार नहीं हूं'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व विश्व नं. नंबर 1 टेनिस स्टार राफेल नडाल ने आगामी कतर ओपन से हटने के बाद अपने ब्रेक को और बढ़ा दिया है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता को दोहा में 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करनी थी। लेकिन, 37 वर्षीय ने कहा कि वह दोहा में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। वो लास वेगास में और महीने के अंत में इंडियन वेल्स में कार्लोस अल्काराज के खिलाफ फ्रेंडली मैच पर फोकस कर रहे हैं। स्पैनियार्ड ने एक्स पर लिखा, 'मैं दोहा में खेलना पसंद करूंगा, जहां टूर्नामेंट टीम के साथ-साथ अद्भुत कतर प्रशंसकों ने हमेशा मेरा बहुत समर्थन किया है। दुर्भाग्य से मैं प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूं और मैं दोहा नहीं आ पाऊंगा ।'' 'मैं लास वेगास में प्रदर्शनी और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने के लिए काम करते रहने पर ध्यान केंद्रित करूंगा।' चोट के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहने के बाद नडाल ने अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी जनवरी में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में की। वह क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए लेकिन जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ मुकाबले के दौरान वो चोटिल हो गए। चोट के कारण नडाल को ग्रैंड स्लैम शुरू होने से एक सप्ताह पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटना पड़ा।

### डब्ल्यूएफआई का निलंबन रद्द करने के लिए बजरंग पुनिया ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू को लिखा खुला पत्र, कहा- 'पहलवान खतरे में'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया ने गुरुवार को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को एक खुला पत्र लिखा, जिसमें विश्व कुश्ती संस्था से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। एक पत्र में, पुनिया ने लिखा कि डब्ल्यूएफआई पर निलंबन हटाने के फैसले ने डब्ल्यूएफआई सदस्यों द्वारा 'पहलवानों को फिर से खतरे में' डाल दिया है। खेल की वैश्विक नियामक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया था, क्योंकि भारतीय संस्था तय समय पर चुनाव कराने में विफल रही थी। हालांकि, यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को तत्काल प्रभाव से निलंबन हटाने का फैसला किया। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ब्यूरो ने अन्य विषयों के अलावा निलंबन की समीक्षा करने के लिए 9 फरवरी को बैठक की और सभी तत्वों और सूचनाओं पर विचार करते हुए, इस शर्त के तहत निलंबन हटाने का निर्णय लिया कि डब्ल्यूएफआई को तुरंत यूडब्ल्यूडब्ल्यू को लिखित गारंटी प्रदान करनी होगी कि सभी पहलवानों पर डब्ल्यूएफआई आयोजनों में कोई भेदभाव किये बिना भागीदारी के लिए विचार किया जाएगा। यूडब्ल्यूडब्ल्यू को लिखे एक पत्र में, पुनिया ने लिखाः 'इस फैसले ने भारतीय पहलवानों को फिर से डब्ल्यूएफआई सदस्यों द्वारा धमकी और उत्पीड़न के अधीन कर दिया है। यह आपके ध्यान में लाना है कि इस डब्ल्यूएफआई को युवा और खेल मंत्रालय द्वारा 27 दिसंबर 2023 को निलंबित कर दिया गया था। कार्यभार संभालने के कुछ दिनों के बाद गंभीर विसंगतियों के कारण, खेल मंत्रालय ने कुश्ती गतिविधियों की देखरेख और संचालन के लिए एक तदर्थ समिति का भी गठन किया।

# सब जूनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप में बिहार चैंपियन बना




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** बिहार की सब-जूनियर लड़के और लड़कियों की टीम ने यहां आईआईटी-गांधीनगर में आयोजित सब जूनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार विजेता बनकर एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया।

सब-जूनियर ब्वॉयज ने एकतरफा मुकाबले में ओडिशा को 35-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। लड़कियों की टीम ने भी ओडिशा को 5-0 से हराया। यह बिहार राज्य के लिए तिहरापन पूरा करता है क्योंकि लड़के और लड़कियों दोनों की टीमें दो दिनों की प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहीं। इससे पहले प्रतियोगिता में बिहार की लड़कियों की टीम ने पहले सेमीफाइनल में महाराष्ट्र को 25-0 से और लड़कों ने राजस्थान को 5-0 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल केरल और ओडिशा के बीच खेला गया, जिसमें ओडिशा के लड़के 5-0 के मामूली अंतर से शीर्ष पर रहे। लड़कियों का दूसरा सेमीफाइनल राजस्थान और ओडिशा के बीच खेला गया, जहां ओडिशा ने 5-0 के अंतिम स्कोर के साथ फाइनल में अपनी जगह बनाई। राजस्थान ने बालक वर्ग में केरल को 15-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में तीसरे/चौथे स्थान के मैच में महाराष्ट्र ने राजस्थान को 5-0 से हराया। यह टूर्नामेंट भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (रग्बी इंडिया) द्वारा रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ गुजरात रग्बी के सहयोग से 2 दिनों तक आयोजित किया गया था, जिसमें अंडर14 लड़कियों की श्रेणी में कुल 24 टीमों और अंडर14 लड़कों की श्रेणी में 25 टीमों ने भाग लिया था।

## खबरें व्यापार जगत की

### जनवरी में देश का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़ा व्यापार घाटा नौ महीने के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लाल सागर क्षेत्र में भू-राजनीतिक संकट के कारण वैश्विक जहाजों की आवाजाही बाधित होने के बावजूद जनवरी में देश का निर्यात 3.1 फीसदी बढ़कर 36.92 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल जनवरी में यह 35.8 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि जनवरी 2024 में देश का व्यापारिक आयात भी एक साल पहले की तुलना में तीन प्रतिशत बढ़कर 54.41 अरब डॉलर हो गया, हालांकि दिसंबर 2023 के 58.25 अरब डॉलर की तुलना मे यह कम है। व्यापारिक व्यापार घाटा कम होकर नौ महीने के निचले स्तर 17.49 अरब डॉलर पर आ गया, जो देश के व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों की मजबूती दशार्ता है। इससे रुपये पर दबाव कम करने में मदद मिलेगी। दिसंबर 2023 में व्यापारिक व्यापार घाटा 19.80 अरब डॉलर था। लाल सागर के आसपास हूती विद्रोहियों द्वारा व्यापारिक जहाजों पर किए गए हमलों ने व्यापार को बाधित कर दिया है। शिपमेंट को अब अफ्रीका के दक्षिणी सिरे पर केप ऑफ गुड होप के माध्यम से लंबे मार्ग से भेजना पड़ता है जिसके कारण परिवहन लागत में वृद्धि हुई है। इससे माल की समग्र आवाजाही भी धीमी हो गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यूरोप के साथ भारत का लगभग 80 प्रतिशत माल व्यापार - जो लगभग 14 अरब डॉलर प्रति माह है - आमतौर पर लाल सागर से होकर गुजरता है। इन सामानों को अब अफ्रीका के रास्ते लंबे मार्ग पर लगभग पांच हजार अतिरिक्त समुद्री मील की दूरी तय करनी पड़ती है, जिसमें लगभग 15 दिन ज्यादा लगते हैं।

### भारतीय खाद्य सेवा बाजार 2028 तक 100 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना : रिपोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में समग्र खाद्य सेवा बाजार 8-12 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ते हुए 2028 तक 100 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म रेडसीर की रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव के कारण भारतीय संगठित खाद्य सेवा बाजार 2028 तक दोगुना होकर 30 अरब डॉलर से 60 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। विशेष रूप से, संगठित क्षेत्र की वृद्धि असंगठित क्षेत्र से तीन गुना अधिक होने की उम्मीद है। मेट्रोपॉलिटन और बड़े शहरों के उपभोक्ताओं के लिए बाहर के खाने का व्यवहार अब अधिक हो गया है, जिसे 2018 की तुलना में छात्रों, युवा व्यस्कों और मध्यम आयु वर्ग के लोगों के लिए बाहरी खाने की फ्रीक्वेंसी में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी जा सकती है। रेडसीर के पार्टनर रोहण अग्रवाल ने कहा, 'भारतीय खाद्य बाजार को विविधता के कारण कम मेगा ब्रांडों की तुलना में मध्यम आकार के ब्रांडों की अधिक आवश्यकता होगी।'

### अपने व्यवसायों में सक्रिय रूप से एआई का उपयोग कर रही हैं 59 प्रतिशत कंपनियां : आईबीएम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईटी और सॉफ्टवेयर प्रमुख आईबीएम ने कहा कि भारत एक मजबूत एआई गवर्नेंस फ्रेमवर्क बनाने के साथ ग्लोबल एआई हब बनने की राह पर है। इसके लिए एआई उपकरणों की पहुंच, लागत कम करने और इसे स्वचालित करने की आवश्यकता है। साथ ही इसमें ऑफ-द-शेल्फ व्यवसाय में एम्बेडेड एआई वृद्धि भी शामिल है। आईबीएम भारत और दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल ने आईएएनएस को बताया, ''भारत सरकार ने एआई और भारतीय उद्यमों द्वारा इसे अपनाने और इसके निवेश पर जोर दिया है। आईबीएम एआई के उपयोग पर सरकार के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।'' कंपनी द्वारा कराए गए नए शोध में पाया गया कि भारत में लगभग 59 प्रतिशत उद्यम-स्तर के संगठन अपने व्यवसायों में सक्रिय रूप से एआई का उपयोग कर रहे हैं। 'आईबीएम ग्लोबल एआई एडॉप्शन इंडेक्स 2023' में कहा गया था कि कंपनियां शुरूआती दौर में इसे अपना रही है। 74 प्रतिशत भारतीय उद्यम पहले से ही एआई के साथ काम कर रहे हैं, पिछले 24 महीनों में आर एंड डी और वर्कफोर्स री-स्किलिंग जैसे क्षेत्र एआई में अपने निवेश में तेजी लाए है। संदीप पटेल ने कहा, ''हालांकि अभी भी इसमें तेजी लाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि कई व्यवसाय प्रयोग से आगे बढ़ने और एआई को बड़े पैमाने पर उपयोग में लाने से परहेज कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''आने वाले महीनों में इसकी पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए जिम्मेदारी से एआई मॉडल बनाने के लिए डेटा और एआई गवर्नेंस टूल महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं, जिन पर उद्यम भरोसा कर सकते हैं और आत्मविश्वास से इसे अपना सकते हैं।

### जापान को पछाड़कर जर्मनी बना तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जर्मनी 2023 में जापान के पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जापान का नॉमिनल जीडीपी पिछले साल कुल 4.2 लाख करोड़ डॉलर या लगभग 591 लाख करोड़ येन था। पिछले महीने घोषित जर्मनी का जीडीपी 4.4 लाख करोड़ डॉलर से 4.5 लाख करोड़ डॉलर के बीच था। वास्तविक जीडीपी पर कैबिनेट कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, नवीनतम अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में साल-दर- साल आधार पर जापानी अर्थव्यवस्था में 0.4 प्रतिशत का संकुचन रहा। पूरे साल के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद पिछले वर्ष की तुलना में 1.9 प्रतिशत बढ़ गया। इससे पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में 3.3 प्रतिशत संकुचन रहा था। उन्होंने कहा कि लगातार दो तिमाहियों में संकुचन को व्यापक रूप से तकनीकी मंदी माना जाता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, जापान की अर्थव्यवस्था लगातार दो तिमाहियों तक सिकुड़ने के बाद अप्रत्याशित रूप से मंदी की चपेट में आ गई है। देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2023 के आखिरी तीन महीनों में एक साल पहले की तुलना में उम्मीद से ज्यादा 0.4 प्रतिशत घट गया।

### कोयला गैसीकरण परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए हैदराबाद में उद्योग बैठक आयोजित कर रहा केंद्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कोयला मंत्रालय शुक्रवार को हैदराबाद में एक उद्योग संवाद की मेजबानी करेगा, इसका उद्देश्य देश भर में कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के विकास में तेजी लाना है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि यह आयोजन भारत में टिकाऊ ऊर्जा समाधान चलाने के लिए कोयले और लिग्नाइट संसाधनों की क्षमता का दोहन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार ने देश की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 8,500 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। गैसीकरण परियोजनाओं की योजना तीन श्रेणियों के तहत बनाई गई है, इसमें सरकारी पीएसयू व निजी खिलाड़ियों के साथ-साथ छोटे पैमाने की परियोजनाएं भी शामिल हैं।

# इलेक्टोरल बांड पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक और स्वागत योग्य : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलेक्टोरल बॉन्ड पर बड़ा फैसला सुनाया है। इस फैसले के दायरे में सभी राजनीतिक दल आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राजनैतिक पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के जरिए मिलने वाले चंदे पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने वालों के नाम, एसबीआई को चुनाव आयोग को देने होंगे और चुनाव आयोग उन नामों की लिस्ट को अपनी वेबसाइट पर साझा करेगा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। चुनावी बॉन्ड के माध्यम से शुरू हुआ काले से सफेद के कारनामे पर लगाम लग गयी है। भट्टाचार्य गुरुवार को हर भूमि स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद पूंजीपति लोगों की कैसे रक्षा की जाए इसके लिए चुनावी बॉन्ड की शुरूआत भाजपा की ओर से की गई। भट्टाचार्य ने कहा कि 2014 से पहले नरेन्द्र मोदी एक विशेष विमान पूरे देश का भ्रमण कर रहे थे। वह विमान एक विशेष समूह ने दिया था। उस समूह का नाम अदानी था। पूर्व वित्त मंत्री ने 2017 में एक कानून बनाया। चुनावी बॉन्ड को इस तरीके से पेश किया गया जैसे कोई क्रांतिकारी कदम है। एसबीआई को यह चुनावी बॉन्ड जारी करने का काम दिया गया था। बॉन्ड को कोई भी व्यक्ति खरीद सकता है और किसी भी पार्टी को दे सकता है। इस बॉन्ड पर सभी ने आपत्ति जताई थी। इसके बावजूद 2018 में इसे जारी कर दिया गया।

## भाजपा और ईडी के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे झामुमो कार्यकर्ता

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ता रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका प्रांगण में गुरुवार को भूख हड़ताल पर बैठे हैं। ईडी ऑफिस में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने और उनके साथ अमानवीय व्यवहार के विरोध में कार्यकर्ता अनशन पर बैठे हैं। रांची के अलावा अन्य जिलों में भी झामुमो अनशन कर रही है। भूख हड़ताल पर बैठे जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि भाजपा और ईडी के खिलाफ सभी अनशन पर बैठे हैं। हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया है। भाजपा ईडी के जरिये हेमंत सोरेन को गलत

## झारखंड हाई कोर्ट में न्यूक्लियस मॉल के मामले में फैसला सुरक्षित

झारखंड हाई कोर्ट में जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील (एलपीए) की सुनवाई गुरुवार को हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामला में फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया, अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह एवं अधिवक्ता अर्पण मिश्रा ने पक्ष रखा। मामले में हाई कोर्ट

### दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन

# महिला सशक्तीकरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण

**शहरी गरीबी को समझने रांची में जुटे देशभर के विशेषज्ञ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




शहरी आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला गुरुवार से रांची में होटल बीएनआर में शुरू हुआ। इस कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और शहरों में रहने वाले गरीबों के जीवन स्तर में सुधार और गति लाने के तरीकों को गति देने की योजनाओं पर एक्सपर्ट सुझाव दे रहे हैं। कार्यशाला की शुरूआत में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की निदेशक शालिनी पांडेय ने शहरी आजीविका क्षेत्र में दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के योगदान के बारे में बताया। आने वाले समय में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में भी बताया। यूएनडीपी की प्रतिनिधि इसाबेले टिशान ने शहरी क्षेत्र में रहने वाली कमजोर तबके (आर्थिक तौर पर) की महिलाओं की स्थिति और उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के अलावा उन्हें सशक्त किए जाने के प्रयासों और उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने पर गहन चर्चा करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में रांची नगर निगम के स्तर से संचालित डे-एनयूएलएम से जुड़े तीन एसएचजी समूह की महिलाओं ने आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों से जुड़े अनुभव को साझा किया। जयपुर, राजस्थान में पिंक सिटी में महिलाओं के द्वारा संचालित ई-रिक्शा सेवा और इससे महिलाओं के सशक्तिकरण के अनुभव को भी बताया गया। चर्चा के दौरान गरीबी के बहुआयामी कारणों तथा निदान पर चर्चा की गयी। इस दौरान देशभर के अलग-अलग राज्यों से आए एक्सपर्ट्स ने शहरी गरीबी के कारणों को समझने और उसने निदान के लिए बेहतर योजना बनाए जाने पर विचार शेयर किए। कार्यशाला का आयोजन आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय (केंद्र सरकार) के दीनदयाल राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन पीएम स्वनिधि, यूएनडीपी तथा नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास विभाग (झारखंड सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। इसमें झारखंड के सभी नगर निकायों के अलावा देशभर के करीब-करीब सभी राज्यों से प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया

# पीएम विश्वकर्मा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय की ओरे से गुरुवार को रांची में पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन की प्रकिया इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास इंद्रजीत यादव आईईडीएस के संयुक्त निदेशक व कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं। इनमें कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं रूपए 500/- प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट हेतु 15 हजार रूपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। प्रथम चरण में एक लाख रूपए तका का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रूपए तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5 प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्य अतिथि विधायक चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्मा जयंती 17 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री के द्वारा डिजिटली लॉंच की गई थी। भारत सरकार के द्वारा इस योजना को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके।

## चुनावी बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस ने मनाया जश्न

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुरुवार को चुनावी बॉन्ड को लेकर दिये गये गये फैसले पर कांग्रेस ने जश्न मनाया। कांग्रेस भवन से एक जुलूस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में एक जुलूस निकाला गया जो अलबर्ट एक्का चौक पहुंचा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने केंद्र सरकार के मंसूबे पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से चुनावी बांड पर दिया गया फैसला मोदी के चिर परिचित सपनों पर हथौड़ा बनकर पड़ा है। इससे कॉरपोरेट घरानों के काले धन को सफेद करने के मोदी के सपने चकनाचूर हो गए हैं। इस ऐतिहासिक फैसले का हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि 2017 में जब इसे विधेयक के रूप मे पेश किया गया था तब से कांग्रेस इसके अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक स्वरूप की स्पष्ट रूप से निंदा कर रही थी। देश के लिए इसे हानिकारक और मोदी सरकार की ओर से काले धन को चुनावी चंदे के रूप में प्राप्त करने का एक कारगर हथियार मान रही थी।

# हमें जन-जन के बीच जाकर नरेन्द्र मोदी के संदेश को पहुंचाना है : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित मिलन समारोह में झामुमो, कांग्रेस, राजद छोड़कर बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पटका पहनाकर पूर्व सांसद घुरन राम, माधवचंद्र महतो, ब्रजेंद्र हेमरोम, राजेंद्र मुंडा सहित उनके समर्थकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष, आरती कुजूर, बालमुकुंद सहाय और सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक ने किया। उपस्थित लोगों को 8980808080 पर ऑनलाइन सदस्यता भी ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि 2024 में देश की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित है। हमें जन-जन के बीच जाकर नरेन्द्र मोदी के संदेश को पहुंचाना है। नरेन्द्र मोदी ने जो 400 पार का लक्ष्य दिया है उसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित पिछड़े सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अटल सरकार से शुरू हुई विकास यात्रा को मोदी ने तेजी से आगे बढ़ाया है। जनधन खाता, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना, प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज, उज्जवला गैस योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंची हैं। मोदी सरकार ने देश का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ाया है। आज तिरंगा की ताकत को दुनिया पहचान रही।

## इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का ओबीसी

**रांची।** इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इससे बड़े-बड़े उद्योगपति बेनकाब होंगे जो निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए अपने पसंदीदा पार्टियों को गुप्त रुप से चंदा दिया करती थी। मेरी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से मांग है कि वैसे चंदा दाताओं का नाम सार्वजनिक की जाए। जिस से देश के नागरिकों को पता चले की चंदा के एवज में देश के सार्वजनिक संपत्ति को औनेपौने में खरीद रहे हैं गुप्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की वह लाइन सर्वथा स्वागत योग्य है जिसमें कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड को अज्ञात रखना सूचना के अधिकार और अनुच्छेद 19 (1) (ए) का उल्लंघन है।जिसका सभी को निः स्वार्थ भाव से स्वागत करना चाहिए। दरअसल चुनावी बॉन्ड एक तरह का वचन पत्र है। इसकी खरीदारी भारतीय स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाओं पर किसी भी भारतीय नागरिक या कंपनी की ओर से की जा सकती है।

# गठबंधन की सरकार के भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने के लिए न्याय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि गठबंधन की सरकार के भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने के लिए न्याय चाहिए। सत्तारूढ़ दल अन्याय करने के लिए न्याय यात्रा पर निकला है। इन्होंने पूरे देश में राज्य के परिचय को बदल कर साख को खराब किया है। कोयला, पत्थर, बालू जैसे खनिज संपदा को बेचने वाली यह सरकार अब युवाओं की नौकरी भी बेच रही है। महतो गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव निकेश कुमार लाल और पार्टी के केंद्रीय सदस्य अभिरंजन तिवारी के नेतृत्व में कई युवाओं और बुद्धिजीवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही एप्सेंसिस ग्रुप के निदेशक और सीईओ मनीष कुमार पांडेय ने पार्टी के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आप सभी को सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए राजनीतिक दायित्व और जवाबदेही को निभाना होगा। अलग-अलग पेशे के लोग आजसू से जुड़ रहे हैं। युवाओं के राजनीति में आने से अच्छा माहौल पूरे प्रदेश में विकसित हो रहा है। यह एक बड़े विचार को खड़ा करेगा। आने वाले समय में आजसू पार्टी का दायित्व बढ़ने वाला है। हमने हर विचार को जगह देने का काम किया है।

# लोकसभा चुनावी कार्यालय के उद्घाटन पर अमर बाउरी में विपक्ष को जम कर सुनाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी के रांची लोकसभा क्षेत्र के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने झामुमो पर कहा कि झारखंड की पहचान पूर्व में वीर शहादतों के लिए जाना जाता था, पर अब झामुमो के भ्रष्टाचार जैसे करतूतो के लिए जाना जा रहा है। इससे देश भर में झारखंड की छवि बदनाम हुई है। झामुमो के नेताओं को झारखंड की जनता से माफी मांगनी चाहिए। किसान आंदोलन को लेकर उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि आंदोलन के दौरान खालिस्तानी भिंडरेवाला के साथ कांग्रेस का झंडा देखा जाना यह बताता है कि एक एजेंडे के तहत चुनावी माहौल के दौरान देश को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बंगाल की घटना पर कहा कि जिस राज्य का सीएम एक महिला हो और वहां पर महिला ही प्रताड़ित हो रही हो तो इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या है। विपक्ष भी महिला सुरक्षा की बात करता है। लेकिन आज सभी के मुंह बंद हैं। क्योंकि यह बंगाल की घटना है। उन्होंने आबूधाबी में हिंदू मंदिर पर कहा कि मुस्लिम के गढ़ में भव्य मंदिर बनना बहुत बड़ी बात है। यह भारत के तुष्टीकरण नीति पर एक करारा जवाब है। आजादी के बाद राजनेताओं ने जो बीज बोए हैं, उसे अब लोग समझ रहें हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–22 वर्ष 2023–24**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 22.02.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.02.2024 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 23.02.2024 को 4:00 बजे अपराह्न से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी –

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण– विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of 03 Nos. 125 mm X 115 mm dia X 90.0 Mtr Deep Drilled Tube Well at Block-Chatra, Panchayat-Dewariya, Village-Mohnadih, Habitation-Khanchadabar of Chatra District "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2023 -24 under (Untied Fund) | | | | | |
| A. | Location – Block-Chatra, Panchayat-Dewariya, Village-Mohnadih, Habitation-Khanchadabar | UNTD/90M/DT/CTR-01 | 3,03,558/- | 6,500/- | 750/- | 30 Days |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 319074 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



## Office of The Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Division Latehar
### Very Short Term Tender

E Procurment Referance No- DWSD/LTR/Spare Parts-11/2023-24 Date- 15.02.24

**Detai Of Work:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pump India -II Conforming to I.S" 9301 -1990 with latest amendment (may be read along with Ist amendment IS: 15500(Part 1 -7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark-II respectively under D W & S Division Latehar for the year 2023-24. |
| 2 | Estimated Cost (in Lakh) | Rs. 2025646.88 |
| 3 | Cost Of B. O Q ( in Rs) | Rs. 5000.00 |
| 4 | Earnest Money | Rs. 41000.00 |
| 5 | Time of Completion | (02) Two Month |
| 6 | Date of Publication of Tender on Web Site | 16.02.2024/03.30 PM |
| 7 | Last Date/ Time for Receipt of Bid (online Bidding) | 23.02.2024/04.00 P.M |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रोद्यौगिकी एवं ई0–गर्वनस, झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक 120 दिनांक– 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 23.02.2024 at 04.00 PM |
| 09 | Date of Opening of Tender | 26.02.2024 at 02.00 PM |
| 10 | Name & Address of Tender Invitting Office | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 11 | Contact No of Procurement Office | 9199154542 & 6201242103 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D W & S Division Latehar.

PR 319053 Drinking Water and Sanitation(23-24)


## पृष्ठ एक के शेष

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल...**

खेमा चुप्पी साधे हुए हैं। झामुमो खेमे से मिली जानकारी के अनुसार झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के पुत्र बसंत सोरेन की कैबिनेट में एंट्री तय मानी जा रही है। मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन और जोबा मांझी सेफ जोन में हैं। झामुमो पाले से यह भी सूचना मिल रही है कि इस बार झामुमो विधायक मंगल कालिंदी को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। कुर्मी वोट बैंक को साधने में लंबे समय से सफल रहे जगरनाथ महतो के निधन के बाद मंत्री बनाई गयी बेबी देवी को लेकर थोड़ी ऊहापोह वाली स्थिति बनी हुई है। संभवतः मंगल कालिंदी को 12वां मंत्री बना दिया जाए। जहां तक सीता सोरेन की बात है तो उनकी नाराजगी दूर कर दी गई है। माना जा रहा है कि एक घर से दो मंत्री नहीं हो सकते हैं। इसलिए सोरेन परिवार को विरोध का भी सामना करना पड़े। इस वजह से सीता सोरेन को राज्यसभा भेजा जा सकता है। बादल पत्रलेख और डॉ रामेश्वर उरांव का पत्ता कट सकता है। महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को इस बार मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। लिहाजा, कांग्रेस के अंदर वेट एंड वॉच वाली स्थिति है। वैसे जल्दी ही इस सस्पेंस पर से पर्दा उठ जाएगा। उल्लेखनीय है कि ईडी की कार्रवाई के बीच हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद सत्ता की बागडोर चंपई सोरेन के हाथों में आ गई। कांग्रेस और राजद के सहयोग से बनी गठबंधन की सरकार ने विधानसभा में पांच फरवरी को विश्वास मत भी हासिल कर लिया है।

**जनसमस्याओं का समाधान सरकार की...**

सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अधिकारियों का दल आपके दरवाजे पर पहुंचा और आपकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका समाधान किया। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। क्योंकि, यह आपकी सरकार है। हम सभी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। क्योंकि, आपकी भागीदारी से ही राज्य का विकास संभव है।

**सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी...**

19(1)(ए) के तहत सूचना का अधिकार केवल अनुच्छेद 19(2) में निर्धारित आधार के आधार पर प्रतिबंधित किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा, "काले धन पर अंकुश लगाने का उद्देश्य अनुच्छेद 19(2) के किसी भी आधार पर नहीं मिलता है।"

**योजना काले धन पर अंकुश...**

बांड के प्रभाव की तुलना में सूचना के अधिकार को न्यूनतम रूप से प्रभावित करते हैं। यह कहते हुए कि राजनीतिक योगदान योगदानकर्ता को मेज पर एक सीट देता है, यानी, यह नीति निमार्ताओं तक पहुंच बढ़ाता है और यह पहुंच नीति निर्माण पर प्रभाव में भी तब्दील हो जाती है। इसमें कहा गया है, "इस बात की भी संभावना है कि किसी राजनीतिक दल को वित्तीय योगदान देने से पैसे और राजनीति के बीच बंद संबंध के कारण बदले की व्यवस्था हो जाएगी। क्विड प्रो क्वो व्यवस्था नीति में बदलाव लाने या सत्ता में राजनीतिक दल को वित्तीय योगदान देने वाले व्यक्ति को लाइसेंस देने के रूप में हो सकती है। चुनावी बांड योजना और विवादित प्रावधान इस हद तक कि वे चुनावी बांड के माध्यम से योगदान को अज्ञात करके मतदाता की सूचना के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कंपनियों द्वारा असीमित राजनीतिक योगदान की अनुमति देने को स्पष्ट रूप से मनमाना माना और कहा कि कंपनियों द्वारा किया गया योगदान विशुद्ध रूप से व्यापारिक लेनदेन है, जो बदले में लाभ हासिल करने के इरादे से किया गया है। संक्षेप में, शीर्ष अदालत ने वित्त अधिनियम, 2017 द्वारा पेश किए गए आयकर अधिनियम में संशोधन, कंपनी अधिनियम, 2013 में संशोधन और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन को असंवैधानिक घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने एक अलग लेकिन सहमति वाला फैसला लिखा। खन्ना ने कहा, मैंने आनुपातिकता मानकों को भी लागू किया है लेकिन थोड़े अलग बदलावों के साथ। मेरे निष्कर्ष भी वही हैं।," फैसले को "हितैषी" बताते हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इस फैसले का देश की राजनीति पर बहुत महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। नवंबर 2023 में, सीजेआई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली संविधान पीठ ने लगातार तीन दिनों तक दलीलें सुनने के बाद चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकताओं ने तर्क दिया था कि चुनावी बांड योजना अनुच्छेद 19 (1) के तहत नागरिकों के सूचना के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है और यह पिछले दरवाजे से लॉबिंग को सक्षम बनाती है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है व विपक्ष में राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर को समाप्त करती है।

**ईडी रिमांड पूरी होने के...**

करने का आरोप लगाया है। जमीन के स्वामित्व को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने इस बात से इनकार किया कि वह जमीन उनके कब्जे में है। पीएमएलए कोर्ट में पेशी के दौरान ईडी ने अदालत को बताया कि पूछताछ के दौरान हेमंत सोरेन के सामने बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के मोबाइल से मिले 8.46 एकड़ जमीन के साक्ष्य को रखा गया।

**हेमंत से मिलीं कल्पना...**

परीक्षाओं के परीक्षार्थियों के लिए अनुशंसा और आग्रह भी था। हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों का नया चैट निकाला गया है।

**पलामू में न्यायय यात्रा स्थगित...**

बाद न्याय यात्रा की कमान संभाले वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, कन्हैया कुमार आदि के रांची चले जाने व न्याय यात्रा स्थगित होने की खबर से कार्यकर्ताओं की आशाओं पर तुसारापात जैसा प्रतीत हुआ।

**विपक्षी दलों ने कसा तंज :** न्याय यात्रा स्थगित होने के पीछे गुटबाजी को लेकर कांग्रेस की तरफ से तो कोई कुछ नहीं बोला, किंतु विपक्षी खेमे द्वारा जमकर तंज कसा जा रहा है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि पलामू में अब कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं रह गया है। साथ ही गुटबाजी भी चरम पर है। इसलिये शीर्ष नेता राहुला गांधी छत्तीसगढ़ तो अन्य पदाधिकारी झारखंड सीमा से ही चलते बने।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ पायरिया का ईलाज ❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ स्माईल डिजाइन ❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण ❖ फिक्स दाँत लगाना ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में लोकसभा चुनाव पर होगी अहम चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा इस बार अपना राष्ट्रीय अधिवेशन 17-18 फरवरी को नई दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक के लिए देशभर से जुटे पार्टी के 11,500 के लगभग नेताओं को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों और लगातार तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने को लेकर अहम दिशा-निर्देश देंगे।

**17 और 18 फरवरी को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में होगी बैठक**




भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि 17-18 फरवरी को भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन हो रहा है। सामान्यतः हर लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा एक बड़ा राष्ट्रीय अधिवेशन करती है। 2014 में, लोकसभा चुनाव से पहले, भाजपा ने रामलीला मैदान में बैठक की थी, जहां नरेंद्र मोदी का ऐसा ऐतिहासिक भाषण हुआ कि 30 वर्षों के बाद पहली बार भारत में एक स्थायी सरकार बनी। इसी तरह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले फिर से रामलीला मैदान में पार्टी ने राष्ट्रीय अधिवेशन किया था और ज्यादा संख्या में जीत के साथ केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनी।

प्रसाद ने आगे कहा कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा का लक्ष्य 370 का सेट किया है और एनडीए का लक्ष्य 400 पार बताया है। प्रधानमंत्री के आह्वान को पूरा करने के लिए 17-18 फरवरी को भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगा।

## 17 को पहले पदाधिकारियों की बैठक

बैठक के एजेंडे के बारे में बताते हुए प्रसाद ने कहा कि 17 फरवरी को फर्स्ट हाफ में पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद रह सकते हैं। दोपहर बाद 3 बजे राष्ट्रीय अशिवेशन की बैठक शुरू होगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का उद्घाटन भाषण होगा और प्रधानमंत्री मोदी समापन भाषण देंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में दो प्रस्ताव लाए जाएंगे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा होगी। अलग से विस्तारकों की बैठक होगी और '2047 तक विकसित भारत' के ब्लूप्रिंट को लेकर एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। सम्मेलन के दौरान एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, हमारे बारे में कांग्रेस हो या वामपंथी, कई प्रकार की टिप्पणियां करते हैं। लेकिन, लोकतांत्रिक रूप से पार्टी के संगठन का अभियान सबसे अधिक भाजपा चलाती है। समय पर राष्ट्रीय अधिवेशन करना, समय पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी करना, प्रदेशों और जिलों में संगठन के कार्यक्रम करना, ये हमारे डीएनए में है। भाजपा अपने राष्ट्रीय सत्र अत्यधिक लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित करती है। हम समय पर पार्टी चुनाव कराते हैं और क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

# इलेक्टोरल बॉन्ड से राजनीतिक दलों को मिले 16,000 करोड़

## भाजपा के पास सर्वाधिक हिस्सेदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलेक्टोरल बॉन्ड या कहें चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया। साथ ही कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को सूचना का अधिकार कानून और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करार दिया है। शीर्ष अदालत के इस आदेश के बाद राजनीतिक दलों की विभिन्न टिप्पणियां सामने आ रही हैं। इस बीच, अनुमान जताया जा रहा है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को चुनावी बॉन्ड से सबसे ज्यादा पैसे मिले होंगे। आंकड़ों से पता चलता है कि विभिन्न राजनीतिक दलों को अब तक चुनावी बॉन्ड से 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान मिला है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा भाजपा को मिलने का अनुमान है। चुनाव आयोग और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना की शुरूआत से, जो अब रद्द हो चुकी है, पिछले वित्त वर्ष तक सभी राजनीतिक दलों को कुल मिलाकर 12,000 करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त हुए, जिसमें भाजपा को तकरीबन 55 फीसद या 6,565 करोड़ रुपये मिले। हालांकि, 2023-24 के आंकड़े अभी सामने नहीं आए हैं। एडीआर ने मार्च 2018 और जनवरी 2024 के बीच चुनावी बॉन्ड की बिक्री के माध्यम 16,518.11 करोड़ रुपये राशि उपलब्ध हुई है।

## भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ा

संप्रग-2 के आखिरी साल के बाद भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ते हुए देश की सबसे अमीर पार्टी होने का दर्जा हासिल किया। वित्त वर्ष 2013-14 में भाजपा की कुल आय 673.8 करोड़ रुपये, जबकि कांग्रेस की 598 करोड़ रुपये थी। बीच के कुछ सालों को छोड़ दिया जाए तो तब से लेकर अब तक भाजपा की आय में लगातार इजाफा हुआ है, जबकि कांग्रेस की आय में गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2018-19 में चुनावी बॉन्ड की शुरूआत के बाद भाजपा की आय दोगुनी से अधिक होकर 2,410 करोड़ रुपये, जबकि कांग्रेस की 918 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भाजपा की कुल आय 2,360 करोड़ रुपये थी, जिसमें से लगभग 1,300 करोड़ रुपये चुनावी बॉन्ड के जरिये मिले थे। उसी समय पर कांग्रेस की कुल आय गिरकर 452 करोड़ रुपये हो गई, जिसमें से 171 करोड़ रुपये पार्टी को चुनावी बॉन्ड से प्राप्त हुए।

# कोयला गैसीकरण प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए हैदराबाद में आज बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय कोयला मंत्रालय शुक्रवार को हैदराबाद में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े उद्योग के हितधारकों के साथ बैठक की मेजबानी करेगा। इसका उद्देश्य देशभर में कोयला एवं लिग्नाइट गैसीकरण प्रोजेक्ट के विकास और प्रसार में तेजी लाना है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि कोयला सचिव अमृत लाल मीना इस बैठक के मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद भी मौजूद रहेंगे। केंद्र सरकार ने देश की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला एवं लिग्नाइट गैसीकरण प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए 8,500 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। गैसीकरण प्रोजेक्ट की योजना तीन श्रेणियों के तहत बनाई गई है। ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े उद्योग हितधारकों के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से कोयला मंत्रालय गैसीकरण प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना चाहता है। यह आयोजन कोयला एवं लिग्नाइट गैसीकरण प्रोजेक्ट से जुड़े अवसरों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए नीति निमार्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं और निवेशकों सहित प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाएगा। इसके जरिए प्रतिभागी गहन चर्चाओं में भाग लेंगे।

# पीएम ने कतर के अमीर से की मुलाकात, द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री का आज दोहा में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर सार्थक बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने अमीर को भारत आने का निमंत्रण दिया और साथ ही आठ भारतीयों की रिहाई के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानमंत्री ने मुलाकात से जुड़ी जानकारी एक्स पर साझा की और बताया कि दोनों नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य, ऊर्जा, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कतर संबंधों को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि हमने भारत-कतर संबंधों की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देश भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए भी तत्पर हैं, जिससे हमारे ग्रह को लाभ होगा। उधर, विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री की कतर यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रणनीतिक निवेश और रणनीतिक साझेदारी की आवश्यकता पर बल दिया।



प्रधानमंत्री ने अल दहरा कंपनी के आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के फैसले पर धन्यवाद देते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कतर के अमीर को भारत आने का निमंत्रण दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, ऊर्जा, अंतरिक्ष, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कतर में भारतीय समुदाय के कल्याण कार्यों के लिए अमीर को धन्यवाद दिया।

## हथियारों और गोला-बारूद के साथ एक आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कुपवाड़ा जिले के लालपोरा इलाके में हथियारों और गोला - बारूद के साथ एक आतंकवादी सहयोगी को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि गुंडिमाचेर ब्रिज पर कुपवाड़ा पुलिस, सेना की 28 आरआर और सीआरपीएफ 162वीं बटालियन ने एक संयुक्त नाका लगाया। चेकिंग के दौरान लालपोरा से गुंडमाचेर की ओर आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके पास सफेद रंग का एक बैग था। सुरक्षाबलों को देखते ही व्यक्ति ने मौके से भागने का प्रयास किया लेकिन सतर्क जवानों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम रफीक अहमद गनी और लालपोरा का निवासी बताया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें से एक पिस्तौल, पिस्तौल मैगजीन, 10 राउंड, दो हथगोले और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इस संदर्भ में पुलिस स्टेशन लालपोरा में एक मामला दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## ब्रिटिश-भारतीय के साथ मिलकर बाल शोषण साइट चलाने वाले व्यक्ति को जेल

**लंदन।** एक भारतीय मूल के डॉक्टर और उसके लिए काम करने वाले कई अन्य लोगों के साथ डार्क वेब पर बाल यौन शोषण के लिए समर्पित साइटें बनाने और संचालित करने वाले एक मैकेनिक को ब्रिटेन में 16 साल की जेल हुई है। चेशायर के नाथन बेक (28) 'द एनेक्स' नामक साइट के यूके स्थित तीन मॉडरेटरों में से एक थे। उन्होंने साइट के नियमों को लागू करने और यह सुनिश्चित करने के लिए लगभग 30 स्टाफ सदस्यों के साथ काम किया ताकि यह सुचारू रूप से चलता रहे। उन्हें बुधवार को चेस्टर क्राउन कोर्ट ने 16 साल की कैद की सजा सुनाई, यौन अपराधियों के रजिस्टर में आजीवन नाम दर्ज किया गया और आजीवन यौन क्षति निवारण आदेश दिया गया। मुख्य मॉडरेटर के रूप में नाथन बेक 'द एनेक्स' की कमान में दूसरे स्थान पर थे, जो अब सक्रिय नहीं है। इसके लगभग 90 हजार ग्लोबल सदस्य थे, जिन्होंने इसका उपयोग दुर्व्यवहार सामग्री को साझा करने और चर्चा करने के लिए किया था, जिसमें 'हर्टकोर' और शिशुओं और बच्चों का यौन शोषण शामिल था। लंदन के 33 वर्षीय भारतीय मूल के मनोचिकित्सक कबीर गर्ग, स्टाफ सदस्यों में से एक थे। वह मॉडरेटर के रूप में साइट के पदानुक्रम में नाथन बेक के बाद थे। बच्चों के यौन शोषण को बढ़ावा देने, बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाने और वितरित करने के तीन-तीन मामले और प्रतिबंधित तस्वीरें रखने सहित आठ आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें पिछले साल छह साल की जेल हुई थी। राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के वरिष्ठ जांच अधिकारी डैनियल वेवेल ने कहा, ₹बेक उन चुनिंदा व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने एनेक्स को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वैश्विक स्तर पर बाल यौन शोषण को बढ़ावा देने में सक्षम थे।

# दलहन उत्पादन में जल्द ही देश बनेगा पूर्ण आत्मनिर्भर : मुंडा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि बीते 10 वर्षों में दाल उत्पादन में देश ने काफी तरक्की की है। आने वाले कुछ समय में देश दाल उत्पादन में पूर्ण आत्मनिर्भर हो जाएगा। मुंडा ने गुरुवार को दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) व ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन (जीपीसी) की ओर से आयोजित चार दिवसीय पल्सेस कन्वेंशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार दलहन क्षेत्र में सतत कार्य करते हुए आयात पर निर्भरता कम करने व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाने के संबंध में लगातार प्रयास कर रही है। वर्ष 2014 से यानी एक दशक में दलहनी फसलों के विकास में केंद्र के अथक प्रयासों से काफी प्रगति हुई है। भारत चने व कई अन्य दलहनी फसलों में आत्मनिर्भर बन चुका है, थोड़ी कमी तूर व उरद में बाकी है, जिसे 2027 तक पूरा करने की कवायद जारी है। इस दिशा में जहां नई किस्मों के बीजों की आपूर्ति बढ़ाई जा रही है, वहीं तूर-उड़द का रकबा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। मुंडा ने कहा कि इस रबी सीजन में मसूर का रकबा करीब एक लाख हेक्टेयर बढ़ा है। तूर की खरीद के लिए पोर्टल लांच किया गया है। इस पर पंजीयन करके किसान संपूर्ण बिक्री एमएसपी पर नेफेड या एनसीसीएफ को कर सकेंगे। अभी तक के प्रयासों से 2015-16 के दौरान दालों का उत्पादन 16.32 मिलियन टन के पहले स्तर से बढ़कर 26 मिलियन टन के स्तर तक पहुंच गया है। उत्पादन में इस जबरदस्त वृद्धि ने हमारी आयात निर्भरता को कम किया है। सरकार के ये प्रयास किसानों, लाभार्थियों के बीच जागरूकता के बिना अधूरे हैं। इसलिए, मंत्रालय मजबूत विस्तार सेवाओं के जरिए सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है।



# शाहबाज शरीफ बन सकते हैं पाकिस्तान के अगले प्रधानमंत्री

**एजेंसी। इस्लमाबाद**

पाकिस्तान में चुनाव के बाद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पार्टी प्रमुख और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बजाय 72 वर्षीय शहबाज को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। वहीं जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को संसद में अधिक सीट मिलने के बावजूद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सत्ता में नहीं आ पाएगी। देश में आठ फरवरी को हुए चुनाव में खंडित जनादेश आया था और चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे। इससे पहले, शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के खालिद मकबूल सिद्दीकी के साथ मंगलवार रात पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) के शुजात हुसैन के आवास पर मुलाकात की और सरकार गठन पर सहमति जताई।

## पाकिस्तान : चार मामलों में इमरान की जमानत 19 फरवरी तक बढ़ी

**इस्लामाबाद।** एक आतंकवाद विरोधी अदालत ने यहां गुरुवार को 9 मई की हिंसा से संबंधित चार मामलों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की जमानत याचिका 19 फरवरी तक बढ़ा दी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत को सूचित किया गया कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान के वकील अल कादिर ट्रस्ट मामले में व्यस्त हैं और अपनी दलीलें पेश करने के लिए और समय चाहते हैं। एटीसी न्यायाधीश अरशद जावेद ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और जमानत 19 फरवरी तक बढ़ा दी। अदालत ने अगली सुनवाई पर वीडियो लिंक के माध्यम से खान की उपस्थिति की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया।

# 'नाराज' तृणमूल सांसद मिमी चक्रवर्ती ने लोकसभा से इस्तीफे की घोषणा की

**एजेंसी। कोलकाता**

अभिनय से राजनीति में आने वाली तृणमूल कांग्रेस सांसद मिमी चक्रवर्ती ने गुरुवार को यहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद लोकसभा से इस्तीफा देने की घोषणा की। वह कोलकाता के जादवपुर से सांसद हैं। चक्रवर्ती ने स्थायी रूप से राजनीति से दूर जाने और इसकी बजाय अपने अभिनय करियर पर ध्यान केंद्रित करने की भी इच्छा व्यक्त की है। अभिनेत्री-राजनेता गुरुवार दोपहर विधानसभा परिसर पहुंचीं और अपने निर्वाचन क्षेत्र में अपनी ही पार्टी के स्थानीय नेतृत्व द्वारा उनके साथ किए गए व्यवहार के खिलाफ मुख्यमंत्री से शिकायत की। चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री से यह भी कहा कि उनका आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद चक्रवर्ती ने कहा, मैंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री को सौंप दिया है और एक बार जब वह इसे स्वीकार कर लेंगी, तो मैं राष्ट्रीय राजधानी जाकर लोकसभा अध्यक्ष को इसे सौंप दूंगी। हाल ही में, चक्रवर्ती ने दो संसदीय स्थायी समितियों से इस्तीफा दे दिया था जिसमें वह तृणमूल कांग्रेस की प्रतिनिधि थीं। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के भीतर विभिन्न संगठनात्मक पदों से भी इस्तीफा दे दिया था।



# डीआरडीओ स्वदेशी तापस यूएवी की डिजाइन में सुधार को तैयार

**नई दिल्ली।**

रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी तापस यूएवी कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद करने की खबरों के बीच ऐलान किया है कि ड्रोन की डिजाइन में सुधार करके उसकी शक्ति बढ़ाने पर काम किया जायेगा। भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित तापस ड्रोन के प्रति रुचि दिखाई है। डीआरडीओ की सेनाओं के साथ बातचीत के दौरान तापस ड्रोन की क्षमताओं पर विस्तार से चर्चा की गई है।

दरअसल, पहले यह बताया गया था कि तापस ड्रोन 24 घंटे से अधिक समय तक 30 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरने और सेनाओं की जरूरत पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। रक्षा बलों के परीक्षण के दौरान तापस ड्रोन 28 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में कामयाब रहे और 18 घंटे से अधिक समय तक उड़ सकते थे। डीआरडीओ के अधिकारियों ने कहा कि संबंधित प्रयोगशाला ड्रोन की डिजाइन में सुधार और शक्ति बढ़ाने पर काम करेगी ताकि इसे ऊंचाई और सहनशक्ति की सेवा आवश्यकताओं के लिए अधिक उपयुक्त बनाया जा सके, जिसे वह हाल के मूल्यांकन में पूरा करने में सक्षम नहीं था। तापस का पूरा नाम टेक्टिकल एयरबॉर्न प्लेटफॉर्म फॉर एरियल सर्विलांस बियॉन्ड होराइजन (टीएपीएएस) है। यह भारत का पहला मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी है, जो अमेरिका के एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन जैसा ही है। इसे डीआरडीओ की प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीए) ने विकसित किया है। इसके बाद भारतीय नौसेना और वायु सेना ने तापस ड्रोन की क्षमताओं और सेनाओं में इसकी भूमिका के संबंध में डीआरडीओ के साथ चर्चा की है। भारतीय वायुसेना ने इस संबंध में डीआरडीओ को एक पत्र भी लिखा है।

अधिकारियों ने कहा कि डीआरडीओ दो तापस ड्रोन अंडमान और निकोबार द्वीप क्षेत्र में परीक्षण के लिए भारतीय नौसेना को सौंपने के लिए तैयार है। अगर भारतीय नौसेना की जरूरत के अनुसार भूमिकाओं को पूरा करते हुए परीक्षण सफल होते हैं तो डीआरडीओ को लगभग 10-12 ड्रोन के ऑर्डर देने की संभावना है। भारतीय वायु सेना भी इस मुद्दे पर आगे निर्णय लेने से पहले अन्य मुद्दों के साथ-साथ ड्रोन के प्रदर्शन को भी देखेगी। डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी कामत प्रमुख ड्रोन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं, जिनमें घटक और आर्चर जैसे मानव रहित लड़ाकू हवाई वाहन शामिल हैं।




- नौसेना और वायु सेना ने तापस ड्रोन की क्षमताओं पर विस्तार से चर्चा की
- अंडमान और निकोबार द्वीप क्षेत्र में परीक्षण के लिए दिए जायेंगे दो ड्रोन

## वैश्विक भूखमरी संकट के बीच भारत ने खाद्यान्नों में खुले बाजारों की प्रधानता की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की ओर से दुनिया के निर्धनतम लोगों के लिए 'भूखमरी के नर्क' की चेतावनी के बीच भारत ने खाद्यान्नों में खुले बाजार की अवधारणा की प्रधानता की निंदा की है। भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद को बताया, खुले बाजार को खाद्यान्न की उपलब्धता में असमानता को कायम रखने और भेदभाव को बढ़ावा देने का तर्क नहीं बनना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय शांति पर जलवायु परिवर्तन और खाद्य असुरक्षा के प्रभाव को लेकर बैठक में उन्होंने कहा, जब खाद्यान्न की बात आती है तो समानता, सामर्थ्य और पहुंच के महत्व को पर्याप्त रूप से समझना हम सभी के लिए आवश्यक है।